www.oswaldryfruits.com
OSWAL DRYFRUITS
DRYFRUITS: Regular Dryfruits, Flavored Dryfruits & Seeds
KIRANA: Rice, Pulses, Grains & Packaging Products
MASALA: Powder / Whole Spices & Garam Masala
FREE HOME DELIVERY
98200 29433 / 70214 01877

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

वर्ष : 33 | अंक : 349 | पृष्ठ : 8 | मुंबई, गुरुवार, 6 मार्च 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल

- फडणवीस ने शिंदे के नियुक्त अफसर को हटाया
- कैलाश जाधव के स्थान पर वैदेही रानाडे की तैनाती
- शिंदे ने बतौर सीएम दिया था उन्हें और एक्सटेंशन



# कब थमेगा कोल्ड वॉर?



**धीरज सिंह | मुंबई**

क्या महाराष्ट्र में सचमुच में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बीच तनाव की स्थिति है। दोनों के बीच कोल्ड वॉर यानी शीत युद्ध चल रहा है। महाराष्ट्र में पिछले काफी समय इसकी अटकलें लग रही हैं। बजट सत्र से पहले जब अजित पवार और शिंदे के साथ फडणवीस मीडिया से मुखातिब हुए थे तो उन्होंने कहा था कि कोई युद्ध नहीं है। जो लोग हम दोनों को जानते हैं, वे जानते होंगे कि जब हम साथ होते हैं तो हम क्या करते हैं। फडणवीस ने तब सलीम-जावेद का जिक्र किया था और पूछा था क्या संजय राउत मुकाबला करेंगे? इस मौके शिंदे ने भी कहा था ऐसा कुछ नहीं है हमने सिर्फ कुर्सी बदली है? लेकिन बजट सत्र के बीच में फिर ऐसा कुछ हुआ है। जिसके बाद चर्चा शुरू हो गई है कि महायुति में सब ठीक नहीं है।



## वैदेही रानाडे की नियुक्ति का आदेश

ताजा घटनाक्रम में सामने आया है कि एकनाथ शिंदे जब मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने सेवानिवृत्त हो चुके कैलाश जाधव को एमएसआरडीसी का संयुक्त निदेशक नियुक्त किया था। अब सामान्य प्रशासन विभाग ने कैलाश जाधव को तत्काल सेवा से मुक्त करने के आदेश जारी कर दिए हैं। सेवानिवृत्त जाधव के स्थान पर वैदेही रानाडे को कार्यभार सौंपने के आदेश दिए गए हैं। एकनाथ शिंदे द्वारा कैलाश जाधव को उनकी सेवानिवृत्ति के बाद एक वर्ष के अनुबंध के आधार पर एमएसआरडीसी का संयुक्त निदेशक नियुक्त किया गया। कैलाश जाधव का विस्तारित कार्यकाल 2026 तक था।

### फिर शुरू हो गई अटकलें?


यह तब हुआ है जब पहले से राजनीतिक हलकों में कोल्ड वॉर की अटकलें लग रही है। शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत तो यहां तक दावा कर चुके हैं कि शिंदे ने केंद्रीय गृह अमित शाह से पुणे में सुबह चार बजे मुलाकात की थी। इसमें उन्होंने फडणवीस की शिकायत की थी, हालांकि शिंदे और शिवसेना की तरफ से इसका खंडन किया जा चुका है।

# राहुल गांधी पर 200 रुपये का जुर्माना

## कोर्ट ने 14 अप्रैल को हर हाल में हाजिर होने को कहा

**डीबीडी संवाददाता | लखनऊ**

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर लखनऊ की ACJM कोर्ट ने दो सौ रुपये का जुर्माना लगाया है और 14 अप्रैल को कोर्ट में कोर्ट में हाज़िर होने के आदेश दिए हैं। मामला महाराष्ट्र में दिए राहुल गांधी के एक बयान को लेकर है। राहुल गांधी ने 17 दिसम्बर 2022 को अकोला में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्वतंत्रा सेनानी वीर सावरकर पर विवादित बयान दिया था। इस बयान के खिलाफ लखनऊ की ACJM में शिकायत की गई थी। शिकायतकर्ता का कहना है कि राहुल गांधी का बयान समाज में घृणा फैलाने वाला है।



### कोर्ट में पेश नहीं होने पर लगा जुर्माना

आज इस मामले में राहुल गांधी को कोर्ट में पेश होना था लेकिन राहुल गांधी के वकील ने कोर्ट में पेशी से छूट की अर्जी दाखिल की। जिसमें कहा गया कि राहुल गांधी नेता विपक्ष हैं। आज उन्हें विदेशी गणमान्य व्यक्ति से मिलना था। ये मुलाकात पहले से तय थी। इसलिए वो कोर्ट नही आ पा रहे हैं। दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने उनकी छूट की मांग को खारिज कर दिया और गैर-हाजिर रहने के लिए 200 रुपये का जुर्माना लगाया। अदालत में पेश न होने पर अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने यह कार्रवाई की। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने यह भी चेतावनी दी कि राहुल गांधी 14 अप्रैल को अदालत में पेश हों।

### राहुल गांधी ने क्या कहा था?

राहुल गांधी ने अकोला में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वीर सावरकर को लेकर विवादित बयान दिया था। उन्होंने कथित तौर पर वीर सावरकर को अंग्रेजों का नौकर और पेंशनभोगी कहा था। याचिकाकर्ता ने राहुल गांधी के इस बयान के खिलाफ कोर्ट का रुख किया था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से वकील प्रांशु अग्रवाल अदालत में पेश हुए। उन्होंने अदालत में पेशी से छूट के लिए अर्जी दाखिल की। सुनवाई लखनऊ की एसीजेएम कोर्ट में हुई।

# मंत्री माणिकराव कोकाटे को राहत

## 1995 के धोखाधड़ी के मामले में दोषसिद्धि पर लगी रोक



**मुनीब चौरसिया | नासिक**

नासिक की अदालत ने 1995 के धोखाधड़ी के एक मामले में महाराष्ट्र के मंत्री माणिकराव कोकाटे की दोषसिद्धि पर रोक लगाई। मजिस्ट्रेट अदालत ने 20 फरवरी को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकंपा) नेता और उनके भाई सुनील कोकाटे को दोषी ठहराया था। कोर्ट से सरकारी कोटे के तहत फ्लैट पाने के लिए फर्जी दस्तावेज जमा करने से संबंधित मामले में उन्हें दो साल की सजा सुनाई गई थी। बाद में भाइयों ने जिला न्यायाधीश 1 और अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (नासिक) एन वी जीवने के समक्ष मजिस्ट्रेट के आदेश पर रोक लगाने की मांग वाली एक अपील दायर की। सत्र अदालत ने बुधवार को उनकी अपील स्वीकार कर ली।

### कब सुनाई गई थी सजा?

1995 के धोखाधड़ी और जालसाजी के एक मामले में मजिस्ट्रेट अदालत ने 20 फरवरी को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता और उनके भाई सुनील कोकाटे को दोषी ठहराया था और सरकारी कोटे के तहत फ्लैट पाने के लिए फर्जी दस्तावेज जमा करने से संबंधित मामले में उन्हें दो साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद में भाइयों ने जिला न्यायाधीश 1 और अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (नासिक) एन वी जीवने के समक्ष मजिस्ट्रेट के आदेश पर रोक लगाने के अनुरोध वाली एक अपील दायर की। सत्र अदालत ने बुधवार को उनकी अपील स्वीकार कर ली। मजिस्ट्रेट अदालत ने पिछले महीने माणिकराव कोकाटे और उनके भाई को दोषी ठहराया था, जबकि इसी मामले में दो अन्य आरोपियों को बरी कर दिया था। यह मामला 1995 में पूर्व मंत्री टी.एस. दिघोले की शिकायत पर दर्ज किया गया था।



### अभियोजन पक्ष की दलील

अभियोजन पक्ष के मुताबिक, माणिकराव कोकाटे और उनके भाई को मुख्यमंत्री के 10 प्रतिशत विवेकाधीन कोटे के तहत नासिक के येओलकर माला क्षेत्र में कॉलेज रोड पर निम्न आय वर्ग (एलआईजी) वाले दो फ्लैट आवंटित किए गए थे।

### क्या हैं आरोप?

आरोप है कि उन्होंने एलआईजी श्रेणी से संबंधित होने तथा शहर में अपना कोई मकान न होने का झूठा दावा किया। दिघोले की ओर से पुलिस से संपर्क करने के बाद नासिक के सरकारवाड़ा पुलिस थाने में कोकाटे भाइयों और दो अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के तहत धोखाधड़ी, जालसाजी और अन्य अपराधों का मामला दर्ज किया गया था।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### अबू आजमी बजट सत्र तक के लिए सस्पेंड


**मुंबई।** मुगल शासक औरंगजेब की तारीफ करने के बाद महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी को पूरे बजट सत्र के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। महाराष्ट्र का बजट सत्र 3 मार्च को शुरू हुआ और 26 मार्च को खत्म होगा। संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटील ने सदन में एक प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि आजमी ने जो टिप्पणी की, उससे सदन की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है, जिसके कारण उनकी सदस्यता को बजट सत्र के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव रखा गया था। प्रस्ताव को सदन में अध्यक्ष ने पारित कर दिया।

### फाइल पास कराने के लिए मंत्री के पीए को रिश्वत दी : मडकाइकर

**पणजी।** भाजपा नेता और गोवा के पूर्व मंत्री पांडुरंग मडकाइकर ने आरोप लगाया है कि उन्होंने अपनी फाइल पास कराने के लिए एक मंत्री के पीए को करीब 20 लाख रुपये की रिश्वत दी है। इस दावे के बाद राज्य के परिवहन मंत्री और भाजपा नेता मौविन गोडिन्हो ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि मडकाइकर को पुलिस में शिकायत दर्ज करानी चाहिए और उस मंत्री का नाम बताना चाहिए, जिसके स्टाफ को उन्होंने पैसे दिए। विपक्षी आम आदमी पार्टी (आप) ने भी मांग की कि पुलिस मडकाइकर के दावे को लेकर मामला दर्ज करे। मडकाइकर मनोहर पर्रिकर के नेतृत्व वाली पिछली कैबिनेट में मंत्री रह चुके हैं। उन्होंने मंगलवार शाम को गोवा में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष से मुलाकात की। मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलों के बीच संतोष ने मंगलवार को मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत सहित राज्य भाजपा नेताओं के साथ बैठक की।

## केदारनाथ और हेमकुंड साहिब रोप-वे

# केंद्र सरकार ने दी मंजूरी




- केदारनाथ में रोप-वे से 36 मिनट में होगी 9 घंटे की यात्रा

**डीबीडी संवाददाता | नई दिल्ली**

केंद्र ने केदारनाथ धाम और हेमकुंड साहिब के लिए रोप-वे प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया, 'अभी जो यात्रा 8-9 घंटे में पूरी होती है, वह घटकर 36 मिनट की हो जाएगी। इसमें 36 लोगों के बैठने की क्षमता होगी।'

### भगवान शिव का मंदिर केदारनाथ में

राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम के तहत उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ तक (12.9 किमी) और गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब जी तक (12.4 किमी) का रोपवे बनेगा। नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट इसे बनाएगा। भगवान शिव का मंदिर केदारनाथ में है। यह समुद्र तल से 3,584 मीटर की ऊंचाई पर है। यहां मंदाकिनी नदी है। केदारनाथ धाम भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है।

### हर घंटे 1800 यात्रियों को रोपवे से केदारनाथ पहुंचाया जाएगा

केदारनाथ में बनने वाला रोपवे सबसे एडवांस्ड ट्राई केबल डिटेचेबल गोंडोला टेक्नीक वाला होगा। इससे हर घंटे 1800 और हर दिन 18 हजार तीर्थ यात्रियों को पहुंचाया जाएगा।

केदारनाथ जाने में एक तरफ से कम से कम 9 घंटे का समय लगता है। रोपवे बन जाने के बाद यह यात्रा 36 मिनट में होगी। केदारनाथ मंदिर तक की यात्रा गौरीकुंड से 16 किमी की कठिन चढ़ाई है। अभी इसे पैदल, पालकी, टट्टू और हेलिकॉप्टर से पूरा किया जाता है।

### रोपवे पर 2,730.13 करोड़ रुपए खर्च होंगे

गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक 12.4 किमी रोपवे बनेगा। इसमें 2,730.13 करोड़ रुपए खर्च होंगे। रोपवे से हर घंटे 1100 और हर दिन 11 हजार यात्रियों को ले जाया जाएगा। हेमकुंड साहिब उत्तराखंड के चमोली जिले में है। इसकी समुद्र तल से ऊंचाई 15 हजार फीट है। यहां स्थापित गुरुद्वारा मई से सितंबर के बीच साल में लगभग 5 महीने के लिए खुलता है। हर साल लगभग 2 लाख तीर्थयात्री यहां आते हैं।

रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार का उपक्रम
माझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड
डॉकयार्ड रोड, मुंबई 400 010
CIN No. L35100MH1934GOI002079



अधिकारी वर्ग में तीन वर्षों की अवधि के लिए अनुबंध आधार पर नियुक्ति के हेतु भर्ती यह अवधि अतिरिक्त 01+01 वर्ष के लिए बढ़ाई जा सकती है

माझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) देश का प्रमुख और अग्रणी युद्धपोत निर्माण यार्ड है, जो रक्षा मंत्रालय के अधीन विश्वस्तरीय परिष्कृत युद्धपोत और अन्य वाणिज्यिक क्राफ्ट का उत्पादन करता है। एमडीएल मुख्य रूप से भारतीय नौसेना के लिए विश्वस्तरीय स्टील्थ फ्रीगेट ,विध्वंसक और पनडुब्बी निर्माण कार्य में लगा हुआ है।
निम्नलिखित पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| ग्रेड | पद | डिसीप्लीन | पद संख्या | उपाधि उपरांत अनुभव | अधिकतम आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| ई-5 | मुख्य प्रबंधक सुरक्षा | सुरक्षा | 01 | 15 साल | 46 साल |
| ई-1 | वरिष्ठ अधिकारी सुरक्षा | सुरक्षा | 02 | 01 साल | 30 साल |
| ई-1 | वरिष्ठ अभियंता सिविल | तकनीकी | 07 | 01 साल | 30 साल |
| ई-1 | वरिष्ठ अभियंता (इलेक्ट्रिकल) | तकनीकी | 01 | 01 साल | 30 साल |

**इच्छुक उम्मेदवारों ने एमडीएल के वेबसाइट https://mazagondock.in पर "ऑनलाइन रिक्रुयुटमेंट" इस हेडींग के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन भरना अनिवार्य है।**

एमडीएल ऑनलाइन आवेदन **05 मार्च '25** को खुलेंगी और **25 मार्च '25 को बंद होंगी।**
विस्तृत जानकारी एमडीएल के वेबसाइट पर "कैरीअर->एक्जीक्युटीव" के अंतर्गत प्राप्त होंगी। किसी भी प्रकार की जानकारी/ शुद्धिपत्र/ विस्तृत जानकारी केवल एमडीएल की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।

CBC10206/11/0016/2425
विज्ञापन सं. क्र. एमडीएल/ एच आर-प्र अ-एमपी /अधिकारी /83/2025

# उल्हासनगर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के खिलाफ ठाकरे गुट आक्रामक

## आंदोलन की चेतावनी

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी (महावितरण) द्वारा स्मार्ट प्रीपेड मीटर अनिवार्य रूप से लगाने के फैसले का शिवसेना (ठाकरे गुट) और उपभोक्ताओं ने विरोध शुरू कर दिया है। ठाकरे गुट के जिला प्रमुख धनंजय बोडारे ने आरोप लगाया कि भले ही महावितरण इन्हें मुफ्त बताकर प्रचार कर रही है, लेकिन इसकी पूरी लागत उपभोक्ताओं से वसूली जाएगी।

### क्या है उपभोक्ताओं की आपत्ति?

सोमवार को सैकड़ों पदाधिकारियों की उपस्थिति में महावितरण के कार्यकारी अभियंताओं को ज्ञापन सौंपा गया। ठाकरे गुट ने साफ कहा कि उपभोक्ताओं को यह तय करने का अधिकार है कि वे कौन सा मीटर उपयोग करना चाहते हैं, और जबरन स्मार्ट मीटर लगाना अवैध है।



### क्यों हो रहा है विरोध?

स्मार्ट मीटर की वास्तविक लागत 12,000 रुपये प्रति मीटर है। सरकार की ओर से मात्र 900 रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। बाकी 11,100 रुपये उपभोक्ताओं से वसूले जाएंगे। बिजली दरों में 30 पैसे प्रति यूनिट वृद्धि की संभावना। महावितरण ने बिना उपभोक्ताओं की अनुमति के मीटर लगाने का निर्णय लिया।

### ठाकरे गुट का बयान

जिला प्रमुख धनंजय बोडारे ने कहा कि महावितरण जबरन स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। अगर ये मीटर जबरदस्ती लगाए गए, तो हम कड़ा विरोध करेंगे।



### महावितरण का जवाब

महावितरण के कार्यकारी अभियंता प्रवीण चकोले ने कहा कि शिवसेना (ठाकरे गुट) की ओर से हमें ज्ञापन दिया गया है और हमने इसे वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचा दिया है। वे इस पर उचित निर्णय लेंगे।

### आंदोलन की चेतावनी

उपभोक्ताओं ने सरकार और महावितरण से इस फैसले को तुरंत वापस लेने की मांग की है। अन्यथा, बड़े स्तर पर जन आंदोलन छेड़ने की चेतावनी दी गई है।

# अंबेडकरवादी जनहित संगठन का आमरण अनशन

डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली

65 अवैध इमारतों के निवासियों के पुनर्वास और मुआवजे की मांग को लेकर अंबेडकरवादी जनहित संगठन ने आमरण अनशन शुरू कर दिया है। यह भूख हड़ताल बुधवार, 5 मार्च से डोंबिवली पूर्व के इंदिरा चौक पर जारी है।



### मनपा प्रशासन की उदासीनता पर नाराजगी

अनशनकारी संदीप गजघाट ने कहा कि इन 65 इमारतों के निवासियों को वैकल्पिक मकान या मुआवजा दिया जाए। साथ ही, फर्जी दस्तावेज तैयार करने में शामिल मनपा, राज्य सरकार, पीएम आवास योजना के दोषी अधिकारियों, बिल्डरों और राजनीतिक व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

### शास्त्री नगर अस्पताल में सुधार की मांग

अनशनकारियों ने शास्त्री नगर अस्पताल में डॉक्टरों, स्टाफ और आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता की भी मांग की है। इसके अलावा, अस्पताल में डॉक्टरों की लापरवाही से हुई सुवर्णा सरोदे मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की अपील की गई है।

### प्रशासन की चुप्पी पर रोष

भूख हड़ताल के पहले दिन से मनपा प्रशासन का कोई भी अधिकारी मिलने नहीं आया, जिससे अनशनकारियों में नाराजगी बढ़ रही है। इस अनशन में दामोदर काकड़े, संदीप गजघाट, अनंत परदुले, दीपक गमरे, दीपक भालेराव, दीपक साल्वे, दिनेश साल्वे, हरिश्चंद्र कांबले, सुमित रनकुटे, लक्ष्मणराव अंभोरे, प्रशांत टेकुले, प्रमिला सावंत समेत कई लोग शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### पैथोलॉजी लैब के मालिक से 42.35 लाख की ठगी

डीबीडी संवाददाता | ठाणे



ठाणे में पैथोलॉजी लैब के मालिक के साथ शेयर ट्रेडिंग धोखाधड़ी में 42.35 लाख रुपये की ठगी की गई। पुलिस ने बताया कि एक जालसाज ने बेलावली निवासी पीड़ित को फोन किया और उसे शेयर में निवेश करने का लालच देकर बढ़िया रिटर्न दिलाने का वादा किया। आरोपियों ने पीड़ित को कुछ लिंक दिए और इसके जरिये पीड़ित ने जून 2023 से नवंबर 2024 के बीच 42.35 लाख रुपये का लेनदेन किया। आरोपी ने पीड़ित को कोई लाभ नहीं दिया। पीड़ित ने सोमवार को पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने मामले में आईटी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### 20 साल से फरार डकैती का आरोपी गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | पालघर



पालघर पुलिस ने डकैती के मामले में 20 साल से फरार आरोपी 60 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मार्च 2005 में डकैतों ने वसई इलाके के अंबटपाड़ा में एक व्यक्ति के कार्यालय में घुसकर 43,000 रुपये नकद, एक मोबाइल फोन लूट लिया और उसके कार्यालय में रखी एक राइफल और एक पिस्तौल भी लूट ली थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। पिछले कुछ सालों में पुलिस ने डकैती में शामिल 18 लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन अन्य फरार हैं। फरार आरोपियों में से एक की मौत हो गई है। हाल ही में पुलिस को एक फरार आरोपी के बारे में सूचना मिली। पुलिस ने दादरा और नगर हवेली के खानवेल में आरोपी देउ जन्या चिमाडा का पता लगाया और मंगलवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। मामले की आगे की जांच जारी है।

# युवक से सोने की चेन लूटकर फरार हुए बदमाश

### विरोध करने पर की पिटाई

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

शहर में लूटपाट और चैन स्नैचिंग की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला ओवली गांव का है, जहां चार बदमाशों ने एक राहगीर को रास्ते में रोककर उसकी 15,000 रुपये की सोने की चेन लूट ली। विरोध करने पर आरोपियों ने युवक और उसके साथियों की पिटाई भी कर दी और फरार हो गए।

### घटना का विवरण



पुलिस के अनुसार, बदलापुर निवासी रोहन राजेंद्र कांबले अपने दोस्तों के साथ मोटरसाइकिल से रविवार देर रात 1:30 बजे पाइपलाइन होते हुए ओवली गांव स्थित सुमित सागर कॉम्प्लेक्स के पास पहुंचे। तभी दो बाइकों पर सवार चार बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और जबरदस्ती सोने की चेन छीन ली। जब रोहन और उसके दोस्तों ने विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और फिर बाइक से फरार हो गए।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला

घटना की जानकारी मिलते ही नारपोली पुलिस ने चार अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस घटना की जांच पुलिस उपनिरीक्षक भरत नवले कर रहे हैं। भिवंडी में लगातार बढ़ती लूटपाट और चैन स्नैचिंग की घटनाओं से नागरिकों में डर का माहौल है। लोगों का कहना है कि पुलिस की निष्क्रियता के कारण बदमाश बेखौफ होकर ऐसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

# पुराने विवाद में मित्र पर धारदार हथियार से हमला

## दो दोस्तों पर केस दर्ज

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

पुराने विवाद को लेकर दो दोस्तों ने अपने ही मित्र पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह घटना 3 मार्च की रात 11 बजे सोमनगर इलाके में हुई। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### क्या है मामला?



पुलिस के मुताबिक, 20 वर्षीय वाजिद अब्दुल हाफीज शेख अपने दोस्त के साथ एक्टिवा पर सवार होकर बाबूचनी मार्केट जा रहा था। इसी दौरान उसकी पहचान के एक युवक और उसके साथी ने उसे रोक लिया और पुराने विवाद को लेकर बहस शुरू कर दी। देखते ही देखते बहस झगड़े में बदल गई, आरोपियों ने पहले वाजिद को गालियां दीं, फिर थप्पड़ और घूंसे मारे।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला

गंभीर रूप से घायल वाजिद को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी शिकायत पर भोईवाड़ा पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 118(2), 115(2), 352, 3(5) के तहत दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।

### आरोपियों की तलाश जारी

इस मामले की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक संतोष तपासे कर रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों की तलाश तेज कर दी है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किए जाने की संभावना है।

# अवैध पार्किंग पर मनपा और यातायात विभाग की कार्रवाई

## कई वाहन जब्त

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर



विठ्ठलवाड़ी रेलवे स्टेशन (प) के पास अवैध रूप से संचालित निजी पार्किंग पर उल्हासनगर मनपा और यातायात विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कई वाहनों को जब्त कर लिया।

### क्या है मामला?

खन्ना कंपाउंड रोड पर अवैध पार्किंग की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद मनपा आयुक्त मनीषा आवले के निर्देश पर बुधवार को प्रभाग समिति-1 के अधिकारी मनीष हिवरे ने कार्रवाई की।

### जब्त किए गए वाहन और जुर्माना

मनपा ने कई वाहनों को जब्त कर लिया। 15 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। यह कार्रवाई यातायात पुलिस के सहयोग से की गई। इस दौरान मनपा और यातायात विभाग के कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस कार्रवाई से अवैध पार्किंग संचालकों में हड़कंप मच गया है और नागरिकों को भी राहत मिलने की उम्मीद है।

# मुफ्त में चिकन देने से इनकार करने पर विक्रेता की बेरहमी से पिटाई

### सीसीटीवी में कैद

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

चिकन विक्रेता द्वारा मुफ्त में चिकन देने से इनकार करने पर 10-12 लोगों की टोली ने लोहे की रॉड और डंडों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। हिललाइन पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### क्या है पूरा मामला?



सोमवार देर रात उल्हासनगर-5 के सेक्शन-29 में स्थित चिकन विक्रेता जोगिंदरसिंग राठोड की दुकान पर कुछ युवक पहुंचे और मुफ्त में चिकन मांगने लगे। विक्रेता ने जब इंकार किया, तो पहले बहस हुई और फिर गुस्साए बदमाशों ने उस पर लोहे की रॉड और लकड़ी के डंडों से हमला कर दिया।

### घटना सीसीटीवी में कैद

पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। हमलावरों ने विक्रेता पर बर्बरतापूर्वक हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल विक्रेता को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। हिललाइन पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है।

# प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने की खुदकुशी

## पति पर केस दर्ज

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

शहर में अवैध मटका जुए के अड्डों के बढ़ते प्रभाव ने कई परिवारों को तबाह कर दिया है। इसी कड़ी में पिराणी पाड़ा इलाके की एक विवाहिता ने अपने जुआरी पति की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद शांतिनगर पुलिस ने मृतका के पति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### पति पर मारपीट और प्रताड़ना का आरोप



पुलिस के अनुसार, मृतका के ससुराल पक्ष की ओर से मुमताज अहमद मुस्तफा अंसारी ने शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि अब्दुल रहमान अंसारी शराब और जुए की लत में डूबा था और आए दिन अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता था। घरेलू प्रताड़ना और आर्थिक तंगी से परेशान होकर महिला ने 3 मार्च 2025 को आत्महत्या कर ली।

### पुलिस जांच जारी

पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक पाणकर कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध जुआ के कारण कई गरीब परिवारों की जिंदगी बर्बाद हो रही है और प्रशासन को इस पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

### अवैध जुए के अड्डों पर कार्रवाई की मांग

स्थानीय सपा विधायक रईस शेख ने भिवंडी में बढ़ते अवैध मटका जुआ और तीन पत्ती जैसे खेलों पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई थी। उन्होंने इस मुद्दे को विधानसभा में भी उठाया और भिवंडी पुलिस उपायुक्त योगेश चौहान से इन अवैध अड्डों पर छापेमारी करने की अपील की। हालांकि, प्रशासन अभी तक इन गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगाने में असफल रहा है।

# घर पर समय से पहले जन्मी बच्ची की मौत

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे में एक महिला ने घर पर समय से पहले बच्ची को जन्म दिया। अस्पताल ले जाते समय बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि वाघबिल क्षेत्र की एक महिला छह माह की गर्भवती थी। उसने दो मार्च को घर पर ही एक बच्ची को जन्म दिया। पुलिस ने बताया कि महिला के पति के अनुसार मां और बच्चे की हालत गंभीर थी। दोनों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। महिला के परिजनों ने घर पर प्रसव कराने का कारण नहीं बताया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# उल्हासनगर की बदहाल सड़कों पर कांग्रेस का हल्लाबोल

## मनपा पर लापरवाही का आरोप

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

शहर की खस्ताहाल सड़कों और मनपा के अनियोजित कार्यों के खिलाफ कांग्रेस ने नेताजी चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। सड़कों पर गड्ढों और धूल की भरमार से परेशान वाहन चालकों को राहत देने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाम और मास्क वितरित किए।

### सड़कों की हालत से हुसैन दलवाई भी परेशान

प्रदर्शन में शामिल हुए कांग्रेस नेता हुसैन दलवाई को भी खराब सड़कों की वजह से गर्दन में बेल्ट लगाने की नौबत आ गई। उन्होंने कहा कि यह समस्या केवल उल्हासनगर की नहीं, बल्कि मुंबई समेत कई शहरों में सड़क खुदाई की लचर योजना नागरिकों के लिए मुसीबत बन गई है।

### मनपा की लापरवाही पर कांग्रेस का हमला



कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भूमिगत सीवर परियोजना के लिए खुदाई तो कर दी गई, लेकिन मरम्मत का काम अधूरा छोड़ दिया गया। जिससे पूरे शहर में गड्ढे और धूलभरी सड़कों से लोग परेशान हैं। पार्टी ने मनपा को जल्द से जल्द सड़कों की मरम्मत करने की चेतावनी दी और कहा कि यदि हालात नहीं सुधरे तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# बाल सुधार गृह पर 1.5 लाख रुपए मांगने का आरोप

## अधिकारी ने किया खंडन

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

बाल विवाह से बचाई गई 16 वर्षीय नाबालिग लड़की की रिहाई के बदले बाल सुधार गृह के अधिकारियों पर 1.5 लाख रुपए मांगने का आरोप लगा है। लड़की के माता-पिता ने यह गंभीर आरोप लगाया है, जबकि बाल सुधार गृह अधिकारी राणी बैसाणे ने इन दावों को पूरी तरह गलत और बेबुनियाद बताया है।

### क्या है मामला?

24 फरवरी को चाइल्ड हेल्पलाइन को उल्हासनगर के भाटिया चौक में एक नाबालिग लड़की की शादी कराए जाने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची चाइल्ड वेल्फेयर कमेटी और पुलिस ने लड़की को सुरक्षित बचाया और उसके माता-पिता, दूल्हे और उसके परिवार पर बाल विवाह निषेध कानून के तहत मामला दर्ज किया। इसके बाद लड़की को महिला एवं बाल विकास विभाग के निरीक्षण गृह में भेज दिया गया। लड़की ने शिकायत की कि गृह में अन्य लड़कियों ने उसे परेशान किया, झाड़ू-पोंछा और बर्तन धोने के लिए मजबूर किया, यहां तक कि उसकी खाने की थाली भी छीन ली गई। इससे वह मानसिक रूप से तनावग्रस्त हो गई और उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

### परिजनों का आरोप – रिहाई के बदले मांगे 1.5 लाख रुपए

लड़की के माता-पिता ने कई बार उसकी रिहाई की मांग की, लेकिन उनका दावा है कि बाल सुधार गृह के अधिकारियों ने 1.5 लाख रुपए की मांग की। हालांकि, अधिकारी राणी बैसाणे ने इन आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा कि लड़की की रिहाई से जुड़े फैसले सरकारी प्रक्रिया के तहत होते हैं और उन पर राजनीतिक दबाव डाला जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम के बाद बाल सुधार गृह की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं और मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की जा रही है।

# 'फोन पर सर न कहने पर पुलिस अधिकारी ने धमकाया'

डीबीडी संवाददाता | यवतमाल

महाराष्ट्र के यवतमाल जिले के अरनी कस्बे में कूरियर फर्म के एक कर्मचारी ने एक पुलिस अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाया है। उसका कहना है कि पार्सल की डिलीवरी के सिलसिले में किए गए फोन कॉल पर उसे 'सर' न कहने पर पुलिस अधिकारी ने उसे धमकाया। कथित बातचीत का एक ऑडियो क्लिप और पुलिसकर्मी की ओर से पीड़ित की कूरियर फर्म के कार्यालय में जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में पुलिस अधिकारी उसे धमकाता हुआ दिखाई दे रहा है।पीड़ित धीरज गेदाम ने बताया कि यह घटना 23 फरवरी को हुई थी। उन्होंने कहा कि उन्होंने अभी तक इस संबंध में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। बुधवार को पत्रकारों से बात करते हुए गेदाम ने कहा कि वह एक स्थानीय कूरियर फर्म के लिए काम करते हैं और ग्राहकों को पार्सल डिलीवर करते हैं।

उन्होंने बताया कि पार्सल डिलीवर करने से पहले



हम ग्राहक के नाम की पुष्टि करते हैं। इसलिए मैंने पार्सल पर लिखे नाम का मिलान करने के लिए इस ग्राहक को बुलाया था। हालांकि, उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग करना शुरू कर दिया और मुझे और साथ ही कार्यालय के कर्मचारियों को धमकाया। उनकी बातचीत के ऑडियो क्लिप में पुलिसकर्मी ने गेदाम को 'सर' कहकर संबोधित न करने के लिए धमकाया। बाद में पुलिसकर्मी संबंधित कूरियर कार्यकारी के कार्यालय में गया और उसे फिर से धमकाया। सूत्रों के मुताबिक, संबंधित पुलिस अधिकारी अरनी पुलिस स्टेशन में तैनात है। संपर्क करने पर यवतमाल में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस संबंध में कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है, लेकिन हम घटना के बारे में जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं। गेदाम ने कहा कि वह कानूनी सलाह ले रहे हैं और जल्द ही पुलिस में शिकायत दर्ज कराएंगे।

# 'गोरे ने महिला को भेजी थीं न्यूड तस्वीरें'

## संजय राउत ने गोरे पर लगाया आरोप

## जयकुमार गोरे करेंगे मानहानि का केस



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्ववाली महायुति सरकार धनंजय मुंडे व माणिकराव कोकाटे के कारण पहले ही काफी मुश्किलों का सामना कर चुकी है। हालांकि मंगलवार को मुंडे को हटाए जाने के बाद बुधवार को कोकाटे की सजा कोर्ट से स्थगित किए जाने की वजह से सरकार को थोड़ी राहत जरूर मिली थी लेकिन तभी एक और मंत्री से जुड़ा शर्मनाक मामला सामने आ गया। एक महिला की प्रताड़ना का आरोप लगने से मंत्री जयकुमार गोरे महाआफत में फंसते नजर आ रहे हैं। ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री जयकुमार गोरे पर सरसेनापती हंबीरराव मोहिते के परिवार की एक महिला से छेड़छाड़ का आरोप लगा है। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद व प्रवक्ता संजय राउत ने दावा किया है कि गोरे ने पीड़ित महिला को अश्लील तस्वीरें भेजी थीं। राउत के आरोपों पर विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने कहा है कि वह इस मुद्दे को सदन में उठाएंगे।

### अदालत ने बरी कर दिया है

मंत्री गोरे ने अपने खिलाफ लगे आरोपों को खारिज करते हुए बुधवार को कहा कि मेरे खिलाफ 2017 में मामला दर्ज किया गया था। विधानसभा का मेरा चुनाव हुआ। उसके बाद मसवद नगरपालिका के चुनाव हुए। इसी पृष्ठभूमि में मेरे खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। यह मामला 2019 में सुलझा लिया गया है। भाजपा विधायक जयकुमार गोरे ने कहा कि अदालत ने मुझे बरी कर दिया है। मेरे पास फैसले की प्रति है। अदालत ने जब्त संपत्ति और मोबाइल फोन को नष्ट करने का आदेश दिया था। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र में न्यायालय को सर्वोच्च माना गया है। इस अदालती फैसले को छह साल हो गये हैं। और अब यह मामला 6 साल बाद उठाया गया है। इस पर हैरानी जताते हुए गोरे ने राजनीतिक नेताओं को फटकार लगाते हुए कहा कि कब कहा और क्या बोलना चाहिए, इसकी सीमा तय होनी चाहिए। गोरे ने कहा कि मेरे पिता का सात दिन पहले निधन हुआ है। उन्होंने मेरा पालन-पोषण किया, संघर्ष किया और मुझे यहां तक पहुंचाया। मुझे उनकी अस्थियों के विसर्जन की अनुमति भी नहीं दी गई। मुझे उम्मीद नहीं थी कि इस हद तक राजनीति की जाएगी।


## पश्चिम रेलवे

### रुचि की अभिव्यक्ति के लिए सार्वजनिक अधिसूचना आमंत्रण

**जारीकर्ता:** वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, वाणिज्यिक शाखा, मुंबई सेंट्रल डिवीजन, पश्चिमी रेलवे, मुंबई सेंट्रल स्टेशन, मुंबई-400008

**आमंत्रण:** वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल, मुंबई सेंट्रल डिवीजन के भीतर कम उपयोग किए गए स्टेशनों के वाणिज्यिक उपयोग के लिए फर्मों और व्यक्तियों से मुहरबंद रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करते हैं।

**ईओआई दस्तावेज़:** योग्यता मानदंड, प्रस्तुत करने की आवश्यकताएँ, उद्देश्य, कार्य का दायरा और मूल्यांकन मानदंड का विवरण देने वाला ईओआई दस्तावेज़ डाउनलोड के लिए यहाँ उपलब्ध है: https://wr.indianrailways.gov.in/

**अधिक जानकारी:** अतिरिक्त विवरण के लिए, कृपया कार्य समय के दौरान विज्ञापन अनुभाग, वाणिज्यिक शाखा, डीआरएम कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, पश्चिमी रेलवे, मुंबई-400008 से संपर्क करे

**जमा करने की अंतिम तिथि:** सीलबंद ईओआई जमा करने की अंतिम तिथि 11 मार्च, 2025, 15:00 बजे (3:00 बजे) है।

**जमा करने के निर्देश:** सीलबंद लिफाफे, जिन पर स्पष्ट रूप से "अंडरयूटिलाइज्ड स्टेशनों के वाणिज्यिक उपयोग के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई), मुंबई सेंट्रल डिवीजन, पश्चिमी रेलवे" लिखा हो, उन्हें निम्नलिखित पते पर निर्दिष्ट ड्रॉप बॉक्स में जमा किया जाना चाहिए:
वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, वाणिज्यिक शाखा, मुंबई सेंट्रल डिवीजन, पश्चिमी रेलवे, मुंबई सेंट्रल स्टेशन, मुंबई-400008

**चयन प्रक्रिया:** योग्यता मानदंडों को पूरा करने वाले आवेदकों को चयन समिति के समक्ष अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जा सकता है।


**अस्वीकरण:** वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल, या उनके नामित प्रतिनिधि, इस ईओआई को रद्द करने या संशोधन के साथ या बिना किसी दायित्व या दायित्व के, और बिना कारण बताए संशोधित ईओआई जारी करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। यहां दी गई जानकारी सांकेतिक है और अंतिम ईओआई में संशोधन या परिवर्धन के अधीन है।

पश्चिम रेलवे
www.wr.indianrailways.gov.in
1153
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें: : X.com/WesternRly


बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न केस

# 'हां या न में दें जवाब'

## एनकाउंटर पर बॉम्बे हाई कोर्ट सख्त सरकार से मांगा जवाब



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को महाराष्ट्र सरकार से पूछा कि क्या वह बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी की कथित मुठभेड़ में शामिल पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करेगी। मजिस्ट्रेट द्वारा जांच रिपोर्ट में कहा गया कि मृतक आरोपी के माता-पिता का फर्जी मुठभेड़ का दावा सही प्रतीत होता है और पुलिस का आत्मरक्षा का दावा संदिग्ध लग रहा है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि पांच पुलिसकर्मी आरोपी की मौत के लिए जिम्मेदार हैं।

### अदालत ने सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और नीला गोखले की खंडपीठ ने महाराष्ट्र सरकार से पूछा, ₹मजिस्ट्रेट की रिपोर्ट आने के बाद क्या राज्य सरकार एफआईआर दर्ज करने का प्रस्ताव रखती है? हां या ना में जवाब दें।₹ राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अमित देसाई ने दलील दी कि मजिस्ट्रेट की रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज करना जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य पहले से ही स्वतंत्र जांच कर रहा है और जांच पूरी होने के बाद ही आरोप पत्र दाखिल करने या क्लोजर रिपोर्ट देने का निर्णय लिया जाएगा।

### बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न मामला क्या है?

मृतक आरोपी को अगस्त 2024 में बदलापुर के एक स्कूल में दो नाबालिग लड़कियों के यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। वह स्कूल में अटेंडेंट के रूप में कार्यरत था। 23 सितंबर 2024 को, जब पुलिस तलोजा जेल से उसे पूछताछ के लिए ठाणे जिले के कल्याण ले जा रही थी, तब उसकी पुलिस मुठभेड़ में मौत हो गई।

### पुलिस का दावा और मजिस्ट्रेट की जांच में अंतर

पुलिस का दावा है कि आरोपी ने पुलिसकर्मी की बंदूक छीन ली और गोली चलाई, जिसके बाद आत्मरक्षा में उसे गोली मारी गई। जबकि मजिस्ट्रेट की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह फर्जी मुठभेड़ लगती है, और आत्मरक्षा का दावा संदेहास्पद है।

### मुठभेड़ में शामिल पुलिसकर्मी

मुठभेड़ के दौरान वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संजय शिंदे ने आरोपी को गोली मारी थी। उस समय पुलिस वैन में सहायक पुलिस निरीक्षक नीलेश मोरे, दो कांस्टेबल और एक पुलिस चालक भी मौजूद थे। बॉम्बे हाई कोर्ट अब 10 मार्च 2025 को इस मामले की सुनवाई जारी रखेगी और राज्य सरकार को स्पष्ट रुख अपनाने का निर्देश दिया गया है।


## अधिसूचना



### वॉक इन इंटरव्यू

जगजीवनराम अस्पताल 11-03-2025 को अनुबंध के आधार पर हाउस सर्जन (सादा पद) के पद के लिए।

**स्थान:** 7वीं मंजिल, ऑडिटोरियम, जगजीवनराम अस्पताल, पश्चिमी रेलवे, मराठा मंदिर मार्ग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008

**पंजीकरण समय:** सुबह 9.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक कमरा नंबर 22, ग्राउंड फ्लोर, स्थापना अधिकारी, जगजीवनराम अस्पताल, मुंबई सेंट्रल। निर्धारित समय के बाद आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

| क्रमांक | विभाग | रिक्तियां |
|---|---|---|
| 01 | जनरल सर्जरी | 04 |
| 02 | ओबीजीवाई | 02 |
| 03 | नेत्र विज्ञान | 01 |
| 04 | रेडियोलॉजी | 01 |
| | कुल | **08** |

**आरक्षण:** आरक्षण सीमा नियम के अनुसार है।
**आयु सीमा:** 35 वर्ष
**शैक्षणिक योग्यता:** एमबीबीएस (डिग्री एमसीआई मान्यता प्राप्त होना चाहिए) उम्मीदवारों को एमसीआई/एमएमसी के साथ पंजीकृत होना चाहिए।
**पारिश्रमिक:** 76600/- प्रति माह।

**चयन मानदंड**
1. चयन वॉक इन इंटरव्यू की प्रक्रिया के माध्यम से होगा। सभी पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को वॉक इन इंटरव्यू के लिए उपस्थित होना चाहिए।
2. एससी/एसटी और ओबीसी नॉन क्रीमी लेयर सर्टिफिकेट केंद्र सरकार के प्रारूप में होना चाहिए और ओबीसी नॉन क्रीमी लेयर सर्टिफिकेट दिसंबर 2024 तक की अवधि का होना चाहिए।
3. ऊपर बताई गई रिक्तियां अलग-अलग हो सकती हैं और यहां बताए गए पद को रेलवे प्रशासन के विवेक पर खाली रखा जा सकता है।
4. यदि अधिक संख्या में अभ्यर्थी वॉक-इन इंटरव्यू के लिए उपस्थित होते हैं तो साक्षात्कार की प्रक्रिया अगले कार्य दिवस पर भी जारी रहेगी।
5. हाउस सर्जन (सादा पद) के लिए वॉक-इन इंटरव्यू प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को आयोजित किया जाएगा, जब तक कि अधिसूचित रिक्तियां पूरी नहीं हो जातीं।
6. कृपया हाउस सर्जन (सादा पद) के लिए भरा हुआ आवेदन पत्र, जिसे रेलवे की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है, दो हाल ही की पासपोर्ट साइज फोटो के साथ लेकर आएं। आवेदन में सभी सूचनाएं बड़े अक्षरों में अवश्य भरें।
7. अधिक जानकारी के लिए समाचार एवं भर्ती अनुभाग के अंतर्गत wr.indianrailways.gov.in पर जाएं।

पश्चिम रेलवे
www.wr.indianrailways.gov.in
1145
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें: : X.com/WesternRly



## पश्चिम रेलवे

### निर्माण कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400 008. **क्रमांक 1, निविदा सूचना संख्या: बीसीटी/24-25/301 दिनांक 04.03.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य और स्थान: 1) उधना-उकाई सोनगढ़ खंड: एडीईएन/वीवाईए के तहत चलथान, भदोही, टिंबरवा, लोटरवा, व्यारा, किकाकुई रोड पर बाउंड्री वॉल का निर्माण। 2). यूडीएन-यूएसडी खंड: एडीईएन वीवाईए खंड के तहत एल.सी. गेट की कमी को दूर करना। 3). यूडीएन-यूएसडी खंड: एसएसई/डब्ल्यू/वीवाईए खंड के तहत जीर्ण-शीर्ण कॉलोनी सड़कों की मरम्मत। कार्य की अनुमानित लागत: 5,60,26,119.20 ईएमडी:** 430100/-। क्रमांक 2, **निविदा सूचना संख्या:** बीसीटी/24-25/302 दिनांक 04.03.2025 **कार्य और स्थान:** (i) जोरवासन-सूरत सेक्शन सीटीआर(पी)=1.559 टीकेएम, टीआरआर(पी)= 2.584 टीकेएम और टीएसआर(पी)=30.799 टीकेएम। (ii) विरार-सूरत-टीटीआर(सीएस)-23 सेट, टीटीआर(सीएमएससी)- 3 सेट, एसईजेएस-55 संख्या, केवल पी एंड सी स्लीपर-83 संख्या और टीएफआर(पी एंड सी)- 217(केवल जीआरएसपी) विरार-सूरत-टीटीआर(सीएस)-71 सेट, टीटीआर(सीएमएससी)-10 सेट, एसईजेएस-103 संख्या, केवल पी एंड सी स्लीपर-250 संख्या और टीएफआर(पी एंड सी)-410 (केवल जीआरएसपी) के संबंध में। (iii) जोरावासन-सूरत-बिलिमोरा में बैलास्ट साइडिंग का विस्तार। (iv) विरार-सूरत-टीआरआर(पी)-3.416टीकेएम और टीएसआर(पी)-9.882टीकेएम के संबंध में मल्चिंग अटैचमेंट के साथ पोकलेन (क्षमता 7 टन) की भर्ती। एसएंडटी भाग सहित समग्र निविदा। **कार्य की अनुमानित लागत:** 6,47,73,397.35 **ईएमडी:** 473900/- दोनों निविदाओं को प्रस्तुत करने की तिथि और समय: 01.04.2025, 15.00 बजे तक। **दोनों निविदाओं को खोलने की तिथि और समय:** 01.04.2025 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।
1149
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### ई-निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज आईडी संख्या | 2025_ एमसीजीएम_ 1156725_1 |
| संगठन का नाम | बृहन्मुंबई महानगरपालिका |
| विषय | महानगरपालिका पावर लॉन्ड्री में विभिन्न लॉन्ड्री मशीनों की विभिन्न आकार की पाइपलाइनों के नवीनीकरण का कार्य, इंजीनियरिंग (एम एंड ई) के अंतर्गत |
| निविदा की लागत निविदा शुल्क | रु. 3300/- (+18% जीएसटी) |
| ई-निविदा की लागत (अनुमानित लागत) | निविदा मद दर |
| बोली सुरक्षा जमा/ईएमडी | रु. 20,000/- |
| निविदा जारी करने और बेचने की तिथि | 05.03.2025 18:00 बजे से |
| निविदा बेचने की अंतिम तिथि और समय | 11.03.2025 18:00 बजे तक |
| पैकेट ए, बी और पैकेट सी (ऑनलाइन) जमा करना | 11.03.2025 18:00 बजे तक |
| पूर्व-बोली बैठक | लागू नहीं |
| पैकेट ए (बोली खोलना) का उद्घाटन | 12.03.2025 18:00 बजे तक |
| पैकेट बी (बोली खोलना) का उद्घाटन | 12.03.2025 18:00 बजे तक |
| पैकेट सी (बोली खोलना) का उद्घाटन | 17.03.2025 18:00 बजे तक |
| संपर्क के लिए पता | कार्यालय: ई. ई. मेक (दक्षिण), बीएमसी म्यूनिसिपल वर्कशॉप, आर.एस. निमकर मार्ग, भायखला, मुंबई-400 008 |
| बोली खोलने का स्थान | ए.ई. (म्यूनिसिपल पावर लॉन्ड्री) के कार्यालय में ऑनलाइन। |
| संपर्क व्यक्ति | |
| ए) नाम | श्री एन.टी. जाधव |
| बी) मोबाइल नंबर | 9769005647 |
| एमसीजीएम वेबसाइट | https://portal.mcem.gov.in/https://maha-tenders.gov.in |
| ई-मेल पता | nempl.me/@megm.gov.in |

यह निविदा दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं है। बीएमसी बिना कोई कारण बताए उपरोक्त विषय के लिए प्राप्त किसी भी आवेदन को स्वीकार करने या किसी या सभी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

पीआरओ/ 2707/विज्ञा./2024-25

हस्ता/-
अधिशासी अभियंता(दक्षिण)

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।


# जोगेश्वरी में अवैध पान टपरी और फूड स्टॉल पर कार्रवाई



## नागरिकों ने जताई राहत

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) और आंबोली पुलिस ने जोगेश्वरी पश्चिम में एस.वी. रोड और रेलवे स्टेशन परिसर में अवैध पान टपरी और फूड स्टॉल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की।

यह अभियान सड़क पर बढ़ते अवैध कब्जों, पैदल यात्रियों को होने वाली दिक्कतों और यातायात अव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए चलाया गया। पुलिस के अनुसार, सार्वजनिक मार्गों पर अवैध स्टॉल और ठेले लगने से यातायात प्रभावित हो रहा था, जिसके चलते यह कदम उठाया गया।

इस कार्रवाई से स्थानीय नागरिकों ने संतोष जताया, उनका कहना है कि इससे सड़कें साफ-सुथरी रहेंगी और आवागमन सुगम होगा। बीएमसी और पुलिस प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।


## पश्चिम रेलवे मुंबई सेंट्रल दिल्ली के बीच द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एसी स्पेशल ट्रेन चलाएगी

| ट्रेन संख्या | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | सेवा की तिथि | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09003 | मुंबई सेंट्रल - दिल्ली | 07.03.2025 से 28.03.2025 | 10.30 बजे (मंगलवार और शुक्रवार) | 10.00 बजे (अगले दिन) |
| 09004 | दिल्ली - मुंबई सेंट्रल | 08.03.2025 से 29.03.2025 | 13.05 बजे (बुधवार और शनिवार) | 13.30 बजे (अगले दिन) |

**ठहराव:** बोरीवली, वापी, वलसाड, उधना, वडोदरा, साबरमती, महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, पिंडवाड़ा, फालना, मारवाड़, ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई, अलवर, रेवाड़ी, गुड़गांव और दिल्ली कैंट स्टेशन दोनों दिशाओं में।

**संरचना:** एसी 2-टियर, एसी 3-टियर कोच।

ठहराव और संरचना के समय के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं

ट्रेन संख्या 09003 की बुकिंग 06.03.25 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेन विशेष ट्रेन के रूप में विशेष किराए पर चलेगी।

पश्चिम रेलवे
www.wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें X.com/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान प्रमाण साथ रखें



## मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल

(महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी की एक क्षेत्रीय इकाई)

म्हाडा MHADA

**टेलीफोन नं. 022-66405250 ई-मेल - eee.east1@gmail.com**

**सं. ईई/पूर्व/एमएसआईबी/ई-टेंडर/श्रम सोसाइटी/44/2023-24**

कार्यकारी अभियंता (पूर्व) प्रभाग, मुंबई स्लम सुधार बोर्ड, (म्हाडा की इकाई) कमरा नं. 536, चौथी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400 051 फोन नं. (022) 66405251 श्रम सहकारी समिति से बी1 (प्रतिशत दर) के रूप में 05 कार्यों के लिए ई-टेंडर आमंत्रित कर रहा है। डीडीआर, ईस्ट, उपनगर, मुंबई के साथ पंजीकृत सोसायटी ऑनलाइन ई-टेंडरिंग सिस्टम का लाभ उठा सकती हैं। विस्तृत टेंडर नोटिस और टेंडर दस्तावेज उपलब्ध होंगे और महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल https://mahatenders.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किए जा सकते हैं। टेंडर दस्तावेज की बिक्री दिनांक 06/03/2025, दोपहर 03.05 बजे से शुरू होकर दस्तावेज़ बिक्री की अंतिम तिथि 13/03/2025, शाम 6.15 बजे तक होगी। शुद्धिपत्र/संशोधन यदि कोई हो तो केवल https://mahatenders.gov.in वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा सकता है। सक्षम प्राधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

Follow us:@mhadaofficial
सीपीआरओ/ए/142

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता (पूर्व),
एम. एस. आई. बी बोर्ड, मुंबई

म्हाडा-राष्ट्र का अग्रणी गृहनिर्माण प्राधिकरण



## GOVERNMENT OF MAHARASHTRA

**Executive Engineer, North Mumbai Electrical Division, P.W.D., ESIS Hospital Compound, L.B.S. Road, Mulund (W), Mumbai-400080.**

e-mail:elnorthmumbai.ec@mahapwd.gov.in Tel. No. 022-25601327

### e-Tender Notice No.89 /2024-25

Online percentage rate tenders in "B-1" form are invited by the Executive Engineer, North Mumbai Electrical Division, Mulund, Mumbai for the following work from The Electrical Contractor from Govt. of Maharashtra. (as per env. no.1 document) e-Tender document can be downloaded from the e-Tendering portal of P.W.D., Government of Maharashtra http://mahatenders.gov.in, The Executive Engineer, NMED, Mulund, Mumbai reserves right to accept or reject any tender. The conditional tender will not be accepted.

| Name of Work: | Estimate Cost put to tender: |
|---|---|
| 1.Est.No.ATL/NMED/BESD/BKC/24368/2024-25:- Providing fully Comprehensive Annual Maintenance Contract for 3 Nos Electric Passenger Lifts with central opening Automatically operated doors travelling Ground + 7 upper Floors installed in Pay and Account Building, Bandra East, Mumbai. 400051.(2nd Call) | Rs. 1241064/- |
| 2. Est.No.OW/AESD/JGR/24534/2024-25 Providing electrical Installation and allied necessary system for proposed New construction of Incubation Centre and Display area and Skill Development Centre, G+1 upper floors at Ismail Yusuf College, Jogeshwari (East), Mumbai. (2nd Call) | Rs. 2232453/- |
| 3. Est.No.ATL/AESD/KDL/24651/2024-25 Providing Fully Comprehensive Annual Maintenance of 2 nos. of M/S Victora lifts for 3 years at Vanrai police quarters Building no. 2 and 3, goregaon Mumbai.(2nd Call) | Rs. 1131480/- |
| 4.Est.No.ATL/MESD/GKP/Labour/24846/2024-25 Providing hiring services of 4 wiremen & 2 Unskilled Labour for maintaining Electrical Installation for Non-Residential buildings & all Residential Bldg Under Ghatkopar Section Ghatkopar Mumbai (For 6 months) | Rs. 881712/- |
| 5.Est.No.SR/NMED/MESD/KRL/24982/2024-25 Providing addition and alteration with renovation to electrical installation in connection with civil work i.e. Kitchen, Bhandare Hall, Dining barrack/Ration Barrack room, Dispencery, Liabrary, P.O. office, staff barrack, meter room, bharat bldg, supdt bunglow, supat office, 6 to 11 barracks, laundry, special observation home, MDC school barracks, MDC Horne at Balkalyan Nagari, Children Home, MDC home at children aid society, Mankhurd, Mumbai 88 | Rs. 3760664/- |
| 6.Est.No.OW/NMED/MESD/KRL/24956/2024-25, Providing new 1 no. 75 inch 4K video display unit, new high mast and new 3nos water Coolers with water purifiers at Maharana pratap Govt. Industrial Training Institute, Vidyavihar West, Mumbai 86 | Rs. 755926/- |
| 7. Est.No.SR/AESD/ADR/24467/24-25, Providing Refurbishment of Electrical work due to civil renovation in proposed Centre for Biological Science, Centre for Science & Technology, and ICT Laboratory at various locations in Juhu Campus of S.N.D.T. Woman's University. Juhu campus, Santacruz (W) Mumbai. | Rs. 3971039/- |

Document Download/ Sale Period: Date: 06.03.2025 to 14.03.2025 up to 17.30 Hrs.
Bid Opening Date: 17.03.2025 after 14.00Hrs.
(Govt Of Maharashtra PWD, Mantralay Vide Letter No. संकीर्ण २०२२/प्र.क्र.१०४/इमा-२ दि.१४.०२.२०२५)
All information about e-Tender is available on following website.
1. Contractor should Quote Price Excluding G.S.T. @ 18% will be paid Extra.
2.http://mahatenders.gov.in
(If there will be change in e-Tender Notice, it will be informed on above website)
3. Executive Engineer, NMED, Mumbai for office Notice Board.
4... Criteria of post qualification is included in the work agreement.

Sd/-
Executive Engineer
North Mumbai Electrical Division,
P.W.D., Mumbai.

EE/NMED/TC/718 /2025 Date: 03/03/2025

DGIPR-2024-25/6872

# संसदीय सीटों के परिसीमन के यक्ष प्रश्न

## संपादकीय

# बदहाली की शिक्षा

हरियाणा के सरकारी स्कूल जिस बदहाली से गुजर रहे हैं उसका निष्कर्ष यही है कि ये स्कूल बीमार भविष्य के कारखाने साबित हो सकते हैं। हरियाणा के प्राथमिक शिक्षा विभाग द्वारा हाल में किए गए युक्तीकरण के प्रयासों से राज्य में सार्वजनिक शिक्षा की निराशाजनक स्थिति ही उजागर हुई है। सबसे अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि राज्य में 487 सरकारी प्राथमिक विद्यालय बिना किसी शिक्षक के संचालित किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर विडंबना यह है कि करीब 294 स्कूलों में कोई छात्र नामांकित नहीं है। निश्चय की छात्रों के मोहभंग के कारणों को समझना कठिन नहीं है। निश्चित रूप से यदि प्राथमिक शिक्षा की यह तस्वीर है तो माध्यमिक और उच्च शिक्षा की स्थिति और भी खराब हो सकती है। विडंबना यह भी है कि शिक्षा व्यवस्था को युक्तिसंगत बनाने की कवायद में शिक्षकों की बड़ी कमी के बावजूद पांच हजार से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो गए हैं। हालांकि, छात्र-शिक्षक अनुपात 28:1 प्रबंधनीय लग सकता है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे कहीं ज्यादा खराब है। लगभग 16,500 से अधिक टीजीटी और 11,341 पीजीटी शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं। इतना ही नहीं राज्य के विश्वविद्यालय और कालेज भी शिक्षकों की भारी कमी से जूझ रहे हैं। यहां तक कि सरकारी कॉलेजों में भी व्याख्याताओं के लगभग आधी पद खाली हैं। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि राज्य में योग्य बेरोजगारों की बड़ी संख्या के बावजूद ये पद खाली पड़े हैं। जो व्यवस्थागत खामियों की ओर ही इशारा करते हैं। विसंगति यह भी है कि बजटीय उपेक्षा ने समस्या को और बढ़ा दिया है। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने पिछले साल एक संबंधित मामले में एक याचिका पर सुनवाई करते हुए आवंटित बजट का समय रहते उपयोग न कर पाने के कारण शिक्षा निधि में 10,675 करोड़ रुपये वापस लौटने का उल्लेख किया था। जो शिक्षा विभाग की उदासीनता की ही तस्वीर ही उकेरता है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि एक ओर वित्तीय संसाधनों की कमी की बात कही जाती है और दूसरी ओर शिक्षा निधि में उपयोग न किए गए धन को लौटाने की बात सामने आ रही है। जाहिरा तौर पर यदि आवंटित धन का प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं किया जा रहा है तो नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने का दावा निरर्थक ही साबित होगा। कमोवेश शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठाये जाते रहे हैं। कहा जा रहा है कि हरियाणा के सरकारी स्कूलों के छात्रों का अंकगणितीय ज्ञान और साक्षरता का कौशल पंजाब व पड़ोसी राज्य हिमाचल से कमतर ही है। हाल में जारी वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट यानी एएसईआर 2024 एक गंभीर स्थिति को ही उजागर करती है। वार्षिक स्थिति रिपोर्ट में उजागर हुआ है कि ग्रामीण स्कूलों में कक्षा आठवीं तक के केवल 43.1 प्रतिशत छात्र ही गणित में भाग की गणनाएं कर सकते हैं। जो कि वर्ष 2022 में 49.5 प्रतिशत से कम ही है। जबकि दूसरी ओर पंजाब के स्कूलों के छात्र 58 फीसदी के साथ सबसे आगे हैं। उसके बाद हिमाचल प्रदेश 44 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं दूसरी ओर पढ़ने का कौशल भी उतना ही चिंताजनक है। ऐसे में शिक्षा क्षेत्र गिरावट का ट्रेंड ही नजर आएगा। जाहिर है इससे छात्रों का ही नुकसान होगा। दरअसल, शिक्षा व्यवस्था की गंभीर खामियों को संबोधित करने की जरूरत है। निस्संदेह, सरकारी स्कूलों में समाज के कमजोर वर्ग के बच्चों की ही अधिकता होती है। समाज के वंचित वर्ग के छात्र भी बड़ी संख्या में इन स्कूलों में दाखिले लेते हैं। उनकी पारिवारिक स्थिति कुछ ऐसी होती है कि अभिभावक की छात्रों के उन्नयन में आपेक्षित भूमिका नहीं हो पाती। ऐसे में शिक्षकों की जवाबदेही तय करने की जरूरत तो है ही, साथ ही शिक्षा विभाग को भी व्यवस्थागत विसंगतियों को दूर करने के लिये गंभीर प्रयास करने की जरूरत है।

केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद से देश के राजनेताओं और विश्लेषकों के एक तबके ने दो-तीन बातों पर ज़ोर देना शुरू कर दिया है। वे कहते हैं कि भारत में संविधान खतरे में है, लोकतंत्र विफल हो रहा है और यह भी कि लोकतंत्र का मतलब चुनाव जीतना भर नहीं होता। लोकतंत्र ही नहीं, संघवाद को भी खतरे में बताया जा रहा है। बीजेपी के हिंदू-राष्ट्रवाद की अतिशय केंद्रीय-सत्ता को लेकर भी उनकी आपत्तियां हैं।

इधर तमिलनाडु से हिंदी-साम्राज्यवाद को लेकर बहस फिर से शुरू हुई है, जिसमें संसदीय-सीटों के परिसीमन को लेकर आपत्तियां भी शामिल हैं। दक्षिण के नेताओं का तर्क है कि यदि जनसंख्या के आधार पर परिसीमन होगा, तब दक्षिण के राज्य नुकसान में रहेंगे, जबकि जनसंख्या-नियंत्रण में उनका योगदान उत्तर के राज्यों से बेहतर रहा है। उनका सुझाव है कि संसदीय परिसीमन में संघवाद के मूल्यों का अनुपालन होना चाहिए। परिसीमन से जुड़े इन्हीं सवालों को लेकर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने 5 मार्च को चेन्नई में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। उन्होंने कहा- तमिलनाडु अपने अधिकारों के लिए बड़ी लड़ाई लड़ने के लिए मजबूर है। परिसीमन का खतरा दक्षिणी राज्यों पर डैमोक्लीज़ की तलवार की तरह मंडरा रहा है। मानव विकास सूचकांक में अग्रणी तमिलनाडु के सामने गंभीर खतरा खड़ा है। उनका यह भी कहना है कि अभी तमिलनाडु में 39 लोकसभा सीटें हैं। परिसीमन की प्रक्रिया से इनकी संख्या घटकर 31 रह जाने की संभावना है। बात सिर्फ़ संख्या में कमी की नहीं है, यह हमारे अधिकारों का मामला है। स्टालिन के इस बयान के फौरन बाद गृहमंत्री अमित शाह ने कहा परिसीमन के बाद दक्षिणी राज्यों को 'एक भी सीट' नहीं गंवानी पड़ेगी। उन्होंने तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों की लंबे समय से चली आ रही इस आशंका को दूर करने का प्रयास किया कि यदि नवीनतम जनसंख्या आंकड़ों के आधार पर परिसीमन किया गया तो संसद में उनका प्रतिनिधित्व खत्म हो जाएगा।



हालांकि इन प्रश्नों पर विचार करने के लिए परिसीमन आयोग का गठन करना होगा, पर आज जो बातें हो रही हैं, वे कयासों और अटकलों पर आधारित हैं। संविधान के अनुच्छेद 82 और 170 में प्रावधान है कि प्रत्येक जनगणना के बाद लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में सीटों की संख्या और प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में इसके विभाजन को फिर से समायोजित किया जाएगा। यह 'परिसीमन प्रक्रिया' संसद के एक अधिनियम के तहत गठित 'परिसीमन आयोग' द्वारा की जाती है।

इस तरह की कवायद 1951, 1961 और 1971 की जनगणना के बाद की गई थी। इसमें इन सदनों में अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित सीटों का निर्धारण भी शामिल है। वर्ष 1951, 1961 और 1971 की जनगणना के आधार पर लोकसभा में सीटों की संख्या 494, 522 और 543 तय की गई थी, जब जनसंख्या क्रमशः 36.1, 43.9 और 54.8 करोड़ थी। इसका मोटे तौर पर मतलब है कि प्रत्येक सीट पर औसतन क्रमशः 7.3, 8.4 और 10.1 लाख आबादी थी। जनसंख्या-नियंत्रण को बढ़ावा देने के लिए 1971 की जनगणना के बाद से इसे स्थिर रखा गया है ताकि अधिक जनसंख्या वृद्धि वाले राज्यों में सीटों की संख्या अधिक न हो। यह कार्य 1976 में हुए 42वें संशोधन अधिनियम के माध्यम से पहले वर्ष 2000 तक के लिए किया गया था। फिर 84वें संशोधन अधिनियम द्वारा 2026 तक बढ़ा दिया गया था। अभी जिस जनसंख्या के आधार पर सीटों की संख्या तय है, वह 1971 की जनगणना के अनुसार है। 2026 के बाद पहली जनगणना के आधार पर इस संख्या को फिर से समायोजित किया जाएगा। अभी लगता नहीं कि 2026 के पहले वह जनगणना हो भी पाएगी या नहीं, जिसे 2021 में होना था। यह देखते हुए कि विधायिका में महिलाओं का आरक्षण भी जनगणना और परिसीमन से जुड़ा हुआ है, इसमें देरी दिक्कत पैदा करेगी।

**प्रमोद जोशी**

राज्यों में भी जनसंख्या वृद्धि में समतुल्यता के लिए सीटों की संख्या को 1971 की जनगणना के अनुरूप फ़्रीज़ कर दिया गया है। 84वें संविधान संशोधन ने प्रावधान किया था कि परिसीमन की कवायद साल 2026 के बाद पहली जनगणना पर आधारित होगी। बहरहाल, पहले इस बात पर विचार करना होगा कि परिसीमन की नई प्रक्रिया में केवल राज्य की जनसंख्या का आनुपातिक प्रतिनिधित्व होगा या नहीं। आनुपातिक संख्या पर नज़र डालें, तो तमिलनाडु की यह चिंता जायज़ है। थोड़ी देर के लिए तमिलनाडु और अविभाजित बिहार की जनसंख्या की वृद्धि दरों (1971-2024) में अंतर देखा जा सकता है।

मतदाताओं की संख्या के जो नवीनतम अनुमानित आंकड़े उपलब्ध हैं, उनके अनुसार अविभाजित बिहार में 233 फीसदी की वृद्धि हुई है, जबकि तमिलनाडु में 171 फीसदी। 1971 की जनगणना के आधार पर 1977 की लोकसभा में भारत के प्रत्येक सांसद ने औसतन 10.11 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व किया। इसी औसत को आज की अनुमानित जनसंख्या के आधार पर रखेंगे, तो लोकसभा सदस्यों की संख्या करीब 1,400 हो जाएगी। ऐसी स्थिति में यूपी (उत्तराखंड सहित) की सीटें करीब तिगुनी हो जाएंगी, अर्थात 250 तक और बिहार (झारखंड सहित) में 169 हो जाएगी। तमिलनाडु की वर्तमान 39 से बढ़कर 76 और केरल में 20 से बढ़कर 36 होंगी। पर यह औसत अब काम नहीं करेगा। नए संसद भवन में लोकसभा की 888 सीटें हैं, इसलिए यह फॉर्मूला भी बदलेगा। यह औसत 15 लाख होगा या 20 लाख या कुछ और।

मोटा अनुमान है कि देश में करीब 14 करोड़ प्रवासी मजदूर काम करते हैं। कोविड-19 के दौरान हमने इन मजदूरों के परिवहन से जुड़ी समस्याओं को देखा था। इनमें सब लोग उत्तर से दक्षिण या पश्चिम में ही नहीं जाते हैं।

दक्षिण से उत्तर आने वाले लोग भी हैं, जो अपनी योग्यता और कौशल के आधार पर बेहतर जीवन-यापन के लिए घर से बाहर निकलते हैं। आधुनिक औद्योगिक-तकनीकी विकास का एक महत्वपूर्ण कारक प्रवासन भी है। बेशक दक्षिण के राज्यों की राजनीतिक और सांस्कृतिक चिंताओं को भी संबोधित किया जाना चाहिए, पर ऐसे समाधान तभी संभव है, जब हम तुच्छ राजनीति को अलग रखेंगे। यह राष्ट्रीय प्रश्न है, जिसका समाधान भी राष्ट्रीय ही होगा।

## जीवन मंत्र

# पेरेंट्स को इन 3 वजहों से उल्टा जवाब देने लगते हैं बच्चे

अक्सर कई परिवारों में यह देखा जाता है कि पेरेंट्स काम की व्यस्तता के चलते अपने बच्चे को अपना समय नहीं दे पाते हैं। जिसकी वजह से बच्चा खुद को अकेला महसूस करता है और धीरे-धीरे स्वभाव से जिद्दी बनने लगता है।

आजकल ज्यादातर पेरेंट्स की अपने बच्चों से यह शिकायत बनी रहती है कि उनके बच्चे उनकी कही बात एक बार में नहीं सुनते हैं, अगर माता-पिता उन्हें किसी रोज गलती करने पर डांट दें तो वो उन्हें पलटकर उल्टा जवाब देने लगते हैं। माता-पिता के प्रति बच्चों का ऐसा व्यवहार निश्चित ही मन को पीड़ा देने वाला होता है। लेकिन आपने क्या कभी यह सोचा है आखिर बच्चों के इस तरह के व्यवहार के पीछे ज्यादातर मामलों में वजह क्या रहती है। आपको बता दें, बच्चों के ऐसा व्यवहार करने के पीछे कई बार माता-पिता की ही कुछ गलतियां जिम्मेदार होती हैं। जिन्हें वो अनजाने में सालों तक करते रहते है। आइए जानते हैं ऐसी ही 3 बड़ी गलतियों के बारे में, जो बच्चे को जिद्दी बनाते है।



अक्सर कई परिवारों में यह देखा जाता है कि पेरेंट्स काम की व्यस्तता के चलते अपने बच्चे को अपना समय नहीं दे पाते हैं। जिसकी वजह से बच्चा खुद को अकेला महसूस करता है और धीरे-धीरे स्वभाव से जिद्दी बनने लगता है। यूनीसेफ के मुताबिक, पेरेंट्स को अपने दिनभर की व्यस्तताओं के बीच बच्चों के साथ बात करने के लिए 20 मिनट जरूर निकालने चाहिए। यह समय कुकिंग, सफाई या कुछ और काम के दौरान भी निकाला जा सकता है। अब इन 20 मिनट में अपने बच्चे की हर बात सुनें और उसका जवाब दें। याद रखें, आपका यह समय फोन, टीवी का नहीं अपने बच्चे को साथ कुछ प्रोडक्टिव बात करने का होना चाहिए।

अगर आप भी उन पेरेंट्स में से हैं जो अपने बच्चे को गलती करने पर तुरंत मारने-चिल्लाने लगते हैं तो अपनी इस आदत को तुरंत बदल डालिए। आपके ऐसा करने से बच्चे के मन में आपके लिए गुस्सा भर सकता है। इसके विपरीत बच्चा अगर कुछ ऐसा काम कर रहा है जो उसे नहीं करना चाहिए तो आप उसे शांति से मना करें। बच्चा आपके कहने के बाद अगर उस काम को करना बंद कर देता है तो उसे प्यार से समझाएं कि आप उसे ऐसा क्यों नहीं करने के लिए कह रहे थे। याद रखें, बेवजह गुस्सा करना, अपने बच्चे को हर समय डांटना और उससे हर वक्त चिड़चिड़े बने रहना आपके बच्चे पर गलत असर डालेगा। बच्चों पर चिल्लाने से वो ढीठ बनते हैं ना कि आज्ञाकारी। अगर आप उन पेरेंट्स में से हैं, जो यह मानते हैं कि बच्चे की तारीफ करने से वो बिगड़ जाते हैं तो आप गलत हैं।

## शख्सियत | अम्बिका चक्रवर्ती

# प्रसिद्ध क्रान्तिकारी और कम्युनिस्ट नेता



चटगाँव (बंगाल) शस्त्रागार केस के प्रसिद्ध क्रान्तिकारी और कम्युनिस्ट नेता अंबिका चक्रवर्ती का जन्म 1892 ई. में म्यांमार (बर्मा) में हुआ था। बाद में उनका परिवार चटगाँव में आकर रहने लगा। अंबिका के ऊपर उस समय के क्रान्तिकारियों और स्वामी विवेकानन्द के विचारों का बड़ा प्रभाव पड़ा। उनके विचार और कार्य क्रान्तिकारी थे, पर प्रकट रूप से उन्होंने कांग्रेस संगठन से भी निकट का सम्बन्ध रखा। शीघ्र ही वे क्रान्तिकारियों के चटगाँव समूह के नेता बन गए। 1924 में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और 1928 तक वे जेल में रहे।

अंबिका ने बाद में अपने कुछ अन्य साथियों के साथ चटगाँव को अंग्रेज़ों से स्वतंत्र कराने की योजना बनाई। इसके लिए दो दलों का गठन किया गया।

एक दल ने टेलीफ़ोन और तारघर पर क़ब्ज़ा कर लिया और दूसरे ने शस्त्रागार को अपने क़ब्ज़े में ले लिया। लेकिन दुर्भाग्य से अंग्रेज़ों ने कारतूस कहीं और छिपाकर रखे थे। अतः क़ब्ज़े में आए हथियार बेकार साबित हुए। ऐसी स्थिति में दल को पुर्नसंगठित करने के इरादे से अंबिका अपने साथियों को लेकर जलालाबाद की पहाड़ियों में चले गए। पर शीघ्र ही इस पहाड़ी पर अंग्रेज़ों ने आक्रमण कर दिया। उनके अन्य साथी तो बच निकले किन्तु पुलिस की गोली से अंबिका घिसटते हुए एक गाँव में पहुँचे और वहाँ के सहानुभूतिशील लोगों के इलाज से स्वास्थ्य लाभ करके भूमिगत हो गए।

1930 में पुलिस ने अन्ततः अंबिका को खोज निकाला और आजीवन क़ैद की सज़ा देकर उनको अंडमान भेज दिया गया। अंडमान में साम्यवादी साहित्य के अध्ययन से उनके विचारों में परिवर्तन हुआ और 1946 में जेल से बाहर आने पर वे कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य बन गए। कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में भी उन्होंने 1949 से 1951 तक जेल की सज़ा काटी। 1952 में कम्युनिस्ट उम्मीदवार के रूप में अंबिका पश्चिम बंगाल की विधान सभा के सदस्य चुने गए।

अम्बिका चक्रवर्ती जैसे वीर और साहसी देशभक्त का 6 मार्च 1962 को एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया।


## जीवन ऊर्जा

**डॉ. सच्चिदानन्द सिन्हा : निधन 6 मार्च 1950** — देहावसान

# संस्कृति,सभ्यता और समाज का दरवाजा है सच्चिदानंद रचनावली

डॉ. सच्चिदानन्द सिन्हा का जन्म 10 नवम्बर 1871 को बक्सर ज़िले के मुरार गांव में हुआ था। यह एक धनी कायस्थ परिवार से थे। इनके पिता का नाम बख़्शी शिव प्रसाद सिन्हा जोकी डुमरांव महाराज के यह मुख्य तहसीलदार के रूप में कम किया करते थे। डॉ. सच्चिदानन्द सिन्हा का निधन 6 मार्च 1950 (आयु 78 वर्ष) पटना , बिहार , भारत में हुआ था।

सच्चिदानंद सिन्हा को पढ़ना या जानना एक आसमान से रूबरू होने जैसाआठ खंडों में सच्चिदानंद रचनावली का संकलन बेहतरीन तरीके से किया गया है। हिंदी की विचार और चिंतन परंपरा में ऐसे लोग कम ही हैं जो समग्रता से समय और समाज को देखने और बताने का काम करते आए हों। जिनके पास विज्ञान की दृष्टि रही हो, समाज को एक चश्मे से नहीं, बल्कि समग्रता से देख सकते हों, दर्शन और व्यवहार को साथ-साथ बरतने की बौद्धिक निपुणता हो और जो विचार और व्यवहार के प्रति दो अलग पहचान लेकर



न जीते हों। गंगा के तटीय विस्तार की इस विशाल हिंदीभाषी परंपरा में ऐसा एक नाम है सच्चिदानंद सिन्हा का। आमतौर पर जब कोई भी प्रकाशक किसी विचारक, साहित्यकार, आलोचक के काम को संकलित करके उसे रचनावली या समग्र की शक्ल देने का बीड़ा उठाता है तो यह मुझे अतिरिक्त सुख देता है। हिंदी के इतिहास में अपने बौद्धिक पुरोधाओं को अप्रकाशित, परित्यक्त और उपेक्षित रखने की कहानियां ज्यादा हैं। इसलिए कोई भी रचनावली के प्रकाशन का निर्णय हिंदी के भाषिक और सामाजिक संदर्भ से एक ऐतिहासिक काम के तौर पर देखा जाना चाहिए, लेकिन सच्चिदानंद सिन्हा की रचनावली का प्रकाशन इस दिशा में एक कदम आगे की उपलब्धि है। सच्चिदानंद जी का काम बहुत वृहद है। वो कला, साहित्य, इतिहास, संस्कृति, समाज, मानव विकास, विज्ञान, दर्शन और राजनीति को बराबर अधिकार से देखने और समझने का कौशल रखते हैं। इतनी विशद दृष्टि के लोग हिंदी में कम हैं और अगर हैं तो लोगों तक उनकी दृष्टि पहुंचाने के प्रयास कम हैं। राजकमल प्रकाशन ने पिछले दिनों इस दिशा में यह अहम काम किया है। आठ खंडों की सच्चिदानंद रचनावली का संकलन और संपादन किया है जाने-माने पत्रकार अरविंद मोहन। कहना गलत नहीं होगा कि अरविंद मोहन के अलावा इस काम को और कोई इतना बेहतर ढंग से शायद ही कर पाता।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश




# शिव स्वरूप हमें बताता है कि उनका रूप विराट और अनंत है

शिव की जटाए अंतरिक्ष का प्रतीक हैं।

**चंद्रमा:** चंद्रमा मन का प्रतीक है। शिव का मन चांद की तरह भोला निर्मल उज्ज्वल और जाग्रत है।

**त्रिनेत्र :** शिव की तीन आंखें हैं, इसीलिए इन्हें त्रिलोचन भी कहते हैं। शिव की ये आंखें सत्व रजतम तीन गुणों भूत वर्तमान भविष्य



तीन कालों स्वर्ग मृत्यु पाताल तीनों लोकों की प्रतीक हैं।

**सर्पहार:** सर्प जैसा हिंसक जीव शिव के अधीन है। सर्प तमोगुणी व संहारक जीव है, जिसे शिव ने अपने वश में कर रखा है।

**त्रिशूल :** शिव के हाथ में एक मारक शस्त्र है त्रिशूल भौतिक दैविक आध्यात्मिक इन तीनों तापों को नष्ट करता है।

**डमरू :** शिव के एक हाथ में डमरू है, जिसे वह तांडव नृत्य करते समय बजाते हैं। डमरू का नाद ही ब्रह्मा रूप है।

**मुंडमाला :** शिव के गले में मुंडमाला है जो इस बात का प्रतीक है कि शिव ने मृत्यु को वश में किया हुआ है।

**व्याघ्र चर्म :** शिव ने शरीर पर व्याघ्र चर्म यानी बाघ की खाल पहनी हुई है। व्याघ्र हिंसा और अहंकार का प्रतीक माना जाता है। इसका अर्थ है कि शिव ने हिंसा और अहंकार का दमन कर उसे अपने नीचे दबा लिया है।

**भस्म :** शिव के शरीर पर भस्म लगी होती है। शिवलिंग का अभिषेक भी भस्म से किया जाता है। भस्म का लेपन बताता है कि यह संसार नश्वर है।

**वृषभ :** शिव का वाहन वृषभ यानी बैल है। वह हमेशा शिव के साथ रहता है। वृषभ धर्म का प्रतीक है। महादेव इस चार पैर वाले जानवर की सवारी करते हैं, जो बताता है कि धर्म अर्थ काम और मोक्ष उनकी कृपा से ही मिलते हैं। इस तरह शिव स्वरूप हमें बताता है कि उनका रूप विराट और अनंत है। महिमा अपरंपार है, उनमें ही सारी सृष्टि समाई हुई है।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**

वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।

मो. नं. 9425980556

# चिंता, चिता के समान है



चिंता चिता से बढ़कर है जो घुन समान लग जाती है। चिता मुरदे को जलाती है चिंता जिंदे को खाती है। जीवन में केवल चिंता करने मात्र से कठिनाइयाँ हल नहीं हो जाती हैं। चिन्ता हमारे चिंतन की क्षमता को अवरुद्ध कर देती है और यही अवरोध तो हमारे दुःखों का मूल कारण है। वह एक बार नहीं आजीवन चिंता की अग्नि में जलता रहता है। चिंता करने मात्र से आने वाली समस्या का हल तो नहीं होता है, लेकिन वर्तमान की शांति अवश्य भंग हो जाती है। चिंताग्रस्त मस्तिष्क गेंहूँ में घुन लगे उस दाने के समान होता है जो बाहर से साबुत दिखते हुए भी अंदर से खोखला हो जाता है।

किसी भी समस्या के आ जाने पर उसके समाधान के लिए विवेकपूर्ण निर्णय ही चिन्तन है। चिन्तनशील व्यक्ति के लिए कोई न कोई मार्ग अवश्य मिल ही जाता है, जिसके पास विवेक है वह समस्या के आगे से हटता नहीं, अपितु डटता है। जीवन में किसी भी समस्या का डटकर मुकाबला करना आधी सफलता प्राप्त कर लेना भी है। जीवन में विवेक की चाबी से समस्या के ताले अवश्य खुल जाते हैं।

## अपने विचार

अब आजमी को यूपी भेजिए, इलाज कर देंगे,अबू आजमी के बयान का खंडन करे एसपी। यूपी में ऐसे लोगों का इलाज करने में देरी नहीं करते। औरंगजेब को हीरो बताने वालों को यहां रहने का अधिकार नहीं है।



**-योगी आदित्यनाथ,** सीएम,उत्तरप्रदेश

महाराष्ट्र सरकार से विनती करना चाहती हूं कि जिस तरह से औरंगाबाद का नाम बदलकर हमारे भगवान संभाजी महाराज पर रखा है, उसी तरह औरंगाबाद में औरंगजेब की जो कब्र है उसे उखाड़कर फेंक दीजिए।



**-नवनीत राणा,** नेता, बीजेपी

मैंने कभी किसी भी महापुरुष के बारे में गलत बात नहीं की है। फिर भी किसी को लगता है कि मैंने गलत बोला है तो मैं अपनी बात को वापस लेता हूं। असेंबली चलनी चाहिए।



**-अबू आजमी,** विधायक, सपा

मैं सरकार नहीं, बिहार बनाना चाहता हूं। नया बिहार बनाने के लिए सबका आशीर्वाद चाहते हैं। हमारी सरकार बनी तो पांच साल में बिहार को अग्रणी राज्य बनाएंगे। तेजस्वी



**-तेजस्वी यादव ,** नेता प्रतिपक्ष,बिहार

**अपने विचार**

**डीबीडी कार्यालय**

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001

indiagroundreport@gmail.com

भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार)।

# ठाणे में बनेगा 260 मीटर ऊंची दर्शक गैलरी वाला कन्वेंशन सेंटर

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे महानगरपालिका क्षेत्र के मोघरपाड़ा में 260 मीटर ऊंची दर्शक गैलरी के साथ कन्वेंशन सेंटर, शॉपिंग मॉल, कार्यालय और अन्य सुविधाओं का विकास किया जाएगा। यह परियोजना 8000 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित है।

### परियोजना की समीक्षा बैठक

इस परियोजना की समीक्षा बैठक में सांसद श्रीकांत शिंदे, सांसद नरेश म्हस्के, विधायक जीतेंद्र आव्हाड, ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव, जिलाधिकारी अशोक शिनगारे, अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में स्पेक्टेटर गैलरी, कोलशेत में टाउन पार्क, कलवा में यशवंत राम सालवी स्विमिंग पूल और खारेगांव में प्रस्तावित थिएटर जैसी कई महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की गई।

### कन्वेंशन सेंटर और अन्य विकास परियोजनाएं

मोघरपाड़ा में लगभग 8000 करोड़ रुपये की लागत से 260 मीटर ऊंची दर्शक गैलरी, कन्वेंशन सेंटर, होटल, गोल्फ कोर्स, मॉल, कार्यालय, कला दीर्घाएं प्रस्तावित हैं।इस बैठक में इसके लिए आवश्यक कुल जगह, अधिगृहीत जगह आदि की जानकारी दी गयी। परियोजना पूरी तरह से वित्तीय रूप से व्यवहार्य होनी चाहिए।इसे उसी के अनुरूप डिजाइन किया जाना चाहिए।सांसद श्रीकांत शिंदे ने सुझाव दिया कि स्थानीय जरूरतें क्या हैं इसका अध्ययन किया जाना चाहिए।इसके साथ ही कोलशेत में 22 एकड़ भूमि पर खेल परिसर, एक्वेरियम, विज्ञान केंद्र, तारामंडल, व्यावसायिक उपयोग की जगह सहित एक टाउन पार्क प्रस्तावित है।इस पर 600 करोड़ रुपये का खर्च आने




का अनुमान है।इस बैठक में इसका प्रस्तुतिकरण भी किया गया।साथ ही कलवा में स्थित यशवंत राम सालवी स्विमिंग पूल को पूरी तरह से तोड़कर नए सिरे से निर्माण कराया जाए।इसमें तालाब, ऑडिटोरियम, अन्य खेल सुविधाएं आदि डिजाइन की जाएं।एक विस्तृत योजना प्रस्तुत की जानी चाहिए। सांसद श्रीकांत शिंदे ने यह भी बताया कि कलवा क्षेत्र के नागरिकों के लिए बेहतर सुविधाएं बनाई जानी चाहिए। इसके साथ ही खारेगांव में रंगमंच के आरक्षण स्थल पर अन्य सुविधाओं सहित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का डिजाइन तैयार करने के निर्देश बैठक में दिए गए। विधायक जीतेंद्र आव्हाड ने कहा कि इस क्षेत्र में थिएटर की जरूरत है इसलिए थिएटर व अन्य सुविधाएं लोगों के काम आएंगी। साथ ही सांसद नरेश म्हस्के ने सुझाव दिया कि बड़े थिएटर बनाने की तुलना में 300-350 दर्शकों की क्षमता वाला छोटा थिएटर बनाने से ज्यादा रिस्पॉन्स मिलेगा। इसके अलावा मुंब्रा बायपास से खारेगांव टोल रोड तक डेढ़ किलोमीटर के पारसिक वॉटर फ्रंट डेवलपमेंट कार्य की भी समीक्षा की गई।इन कार्यों में प्रवेश द्वार और सौंदर्यीकरण के कुछ कार्य शेष हैं जिन्हें सांसद शिंदे ने तत्काल करने के निर्देश दिये।

## पश्चिम रेलवे ने टिकट जांच अभियानों में वसूले 134 करोड़ रुपये जुर्माना



**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा बिना टिकट और अनियमित यात्रियों के खिलाफ चलाए गए सघन टिकट जांच अभियानों के तहत अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 के बीच कुल 134.28 करोड़ रुपये जुर्माने के रूप में वसूले गए। इनमें मुंबई उपनगरीय क्षेत्र से वसूले गए 42.74 करोड़ रुपये भी शामिल हैं। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, फरवरी 2025 में 2.55 लाख बिना टिकट/अनियमित यात्रियों से 16.74 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसमें मुंबई उपनगरीय खंड में 94,000 मामलों से 4.64 करोड़ रुपये की वसूली शामिल है।एसी लोकल ट्रेनों में अनधिकृत यात्रियों को रोकने के लिए नियमित औचक टिकट जांच अभियान चलाए गए। अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 तक करीब 57,000 अनधिकृत यात्रियों से 1.90 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला गया।

## मुंबई सेंट्रल - खातीपुरा स्पेशल ट्रेन का रानी स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव




मुंबई। पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 09001/09002 मुंबई सेंट्रल-खातीपुरा सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन को रानी स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ट्रेन संख्या 09001 मुंबई सेंट्रल-खातीपुरा सुपरफास्ट स्पेशल को तत्काल प्रभाव से रानी स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव दिया गया है। यह ट्रेन रानी स्टेशन पर 10:33 बजे पहुंचेगी और 10:35 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09002 खातीपुरा-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट स्पेशल को तत्काल प्रभाव से रानी स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव दिया गया है। यह ट्रेन रानी स्टेशन पर 00:50 बजे पहुंचेगी और 00:52 बजे प्रस्थान करेगी।

## मध्य रेल के सोलापुर मंडल के 2 कर्मचारियों को महाप्रबंधक का संरक्षा पुरस्कार




**मुंबई।** मध्य रेल के महाप्रबंधक धर्मवीर मीना ने 04.03.2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई में आयोजित एक समारोह में मध्य रेल के सोलापुर मंडल के 2 कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया। यह पुरस्कार ड्यूटी के दौरान उनकी सतर्कता, अप्रिय घटनाओं को रोकने में उनके योगदान और पिछले महीनों के दौरान ट्रेन संचालन में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिए गए। पुरस्कार में एक पदक, प्रशंसा प्रमाण पत्र, अनुकरणीय सुरक्षा कार्य के लिए एक प्रशस्ति पत्र और 2000/- की नगद राशि शामिल है।

1. मनीष राज, उप स्टेशन प्रबंधक, परिचालन, मरतुर
दिनांक 14.01.2025 को जब रिले रूम के एसी स्टेबलाइजर में आग लग गई, तो उन्होंने सभी संबंधितों को सूचित किया और अग्निशामक यंत्र से आग बुझाई। उनकी सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के कारण एक अप्रिय घटना टल गई।
2. कुमार अमन राज, लोको पायलट (गुड), इलेक्ट्रिकल, वाडी
दिनांक 16.01.2025 को मालगाड़ी चलाते समय उन्होंने ट्रैक पर एक ट्रैक्टर को गिरते देखा। उन्होंने आपातकालीन ब्रेक लगाए और टक्कर से पहले ट्रेन को रोक दिया। उनकी सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के कारण एक दुर्घटना टल गई।

महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और उनकी सतर्कता और अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि सतर्कता और बहादुरी के ऐसे कार्य दूसरों को यात्रियों की संरक्षा के लिए ईमानदारी से काम करने और माल और रेलवे संपत्ति के नुकसान को रोकने के लिए प्रेरित करेंगे।

## मुंबई सेंट्रल और दिल्ली के बीच द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एसी स्पेशल ट्रेन

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा होली एवं ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विशेष किराये पर मुंबई सेंट्रल और दिल्ली के बीच द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एसी स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी।

### मुंबई सेंट्रल–दिल्ली (द्वि-साप्ताहिक) सुपरफास्ट एसी स्पेशल

ट्रेन संख्या 09003 मुंबई सेंट्रल–दिल्ली सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को मुंबई सेंट्रल से 10 .30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 10 .00 बजे दिल्ली पहुंचेगी। यह ट्रेन 7 से 28 मार्च, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09004 दिल्ली–मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक बुधवार और शनिवार को दिल्ली से 13 .05 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 13 .30 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन 8 से 29 मार्च, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, वलसाड, उधना, वडोदरा, साबरमती, महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, पिंडवाड़ा, फालना, मारवाड़, ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई, अलवर, रेवाड़ी, गुड़गांव और दिल्ली कैंट स्टेशनों पर रुकेगी।

## दादर -रत्नागिरी और दौंड- कलबुरगि के बीच 34 अनारक्षित होली विशेष ट्रेन सेवा चलेगा मध्य रेल

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई। मध्य रेल होली के त्यौहार पर यात्रा करने वाले यात्रियों के लाभ के लिए दादर-रत्नागिरी और दौंड-कलबुरगि के बीच 34 अनारक्षित होली विशेष ट्रेन सेवा चलाएगा।

### दादर - रत्नागिरी अनारक्षित विशेष - त्रि-साप्ताहिक

01131 अनारक्षित विशेष दिनांक 11 .03 .2025 (मंगलवार), 13 .03 .2025 (गुरुवार) और 16 .03 .2025 (रविवार) को दादर से 14 .50 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 23 .40 बजे रत्नागिरी पहुंचेगी। 01132 अनारक्षित विशेष दिनांक 12 .03 .2025 (बुधवार), 14 .03 .2025 (शुक्रवार) और 17 .03 .2025 (सोमवार) को रत्नागिरी से 04 .30 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 13 .25 बजे दादर पहुंचेगी।




### दौंड- कलबुर्गी अनारक्षित विशेष - सप्ताह में 5 दिन

01421 अनारक्षित विशेष विशेष दिनांक 10 .03 .2025 से 22 .03 .2025 तक (13 .03 .2025, 16 .03 .2025 और 20 .03 .2025 को छोड़कर) दौंड से सुबह 05 .00 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन सुबह 11 .20 बजे कलबुर्गी पहुंचेगी। 01422 अनारक्षित विशेष दिनांक 10 .03 .2025 से 22 .03 .2025 तक (13 .03 .2025, 16 .03 .2025 और 20 .03 .2025 को छोड़कर) 16 .10 बजे कलबुरगि से प्रस्थान करेगी और उसी दिन 22 .20 बजे दौंड पहुंचेगी।
01425 अनारक्षित विशेष दिनांक 09 .03 .2025, 13 .03 .2025, 16 .03 .3025 और 20 .03 .2025 (गुरुवार और रविवार) को 05 .00 बजे दौंड से प्रस्थान करेगी और उसी दिन 11 .20 बजे कलबुर्गी पहुँचेगी।

# भिवंडी को स्वच्छ बनाने के लिए आयुक्त ने होटल, बार मालिकों संग की बैठक

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित रखने के उद्देश्य से मनपा प्रशासक एवं आयुक्त अनमोल सागर ने होटल, बार और परमिट रूम मालिकों के साथ एक अहम बैठक की। इस बैठक में होटलों से निकलने वाले कचरे के उचित निपटान और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने पर चर्चा की गई।

### होटल, बार मालिकों को कचरा प्रबंधन की जिम्मेदारी




आयुक्त अनमोल सागर ने बैठक में कहा कि शहर की सफाई सिर्फ मनपा की नहीं, बल्कि हर नागरिक और व्यवसायी की भी जिम्मेदारी है। हर होटल, बार और परमिट रूम के बाहर गीले और सूखे कचरे के लिए बड़े डस्टबिन रखना अनिवार्य होगा। होटल संचालकों को अपने कचरे को अलग-अलग कर सही तरीके से कूड़ेदान में डालना होगा। मनपा के स्वास्थ्य निरीक्षक नियमित रूप से औचक निरीक्षण करेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अपशिष्ट पृथक्करण हो रहा है या नहीं। घंटा गाड़ी से कचरा एकत्र करने के अलावा, अतिरिक्त लोहे के बड़े कूड़ेदान रखे जाएंगे, जहां दिनभर का कचरा डाला जा सके।

### होटल मालिकों की मांग और प्रशासन का आश्वासन

होटल मालिकों ने घंटा गाड़ी की नियमित सेवा की मांग की और बताया कि नागरिकों की शिकायतों के कारण उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस पर आयुक्त ने सुझाव दिया कि ऐसे मामलों में क्षेत्रीय स्वास्थ्य निरीक्षक को सूचित करें और मनपा सहयोग के लिए तैयार है।

### बैठक में कई अधिकारी और व्यवसायी रहे उपस्थित

इस बैठक में अतिरिक्त आयुक्त देवीदास पवार, उपायुक्त आरोग्य शैलेश दोंदे, सहायक आयुक्त आरोग्य नितीन पाटील, आरोग्य विभाग प्रमुख हरेष भंडारी, जनसंपर्क अधिकारी श्रीकांत परदेशी, कार्यालयीन अधीक्षक जे. एम. सोनावणे सहित होटल, बार और परमिट मालिकों के एसोसिएशन के पदाधिकारी शामिल हुए। इस पहल से भिवंडी की सफाई व्यवस्था को मजबूत करने और शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में मदद मिलेगी।

### होटल और बार वाले क्षेत्र बनेंगे 'नो वेस्ट ज़ोन'

आयुक्त अनमोल सागर ने घोषणा की कि अब से होटल, रेस्तरां और बार वाले क्षेत्रों को 'नो वेस्ट ज़ोन' घोषित किया जाएगा। होटल एसोसिएशन के सहयोग से इन स्थानों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। घंटा गाड़ी के लिए समय और मार्ग तय किए जाएंगे, ताकि दिन में दो बार नियमित रूप से कचरा एकत्र किया जा सके।

# मनपा 7 अप्रैल को आयोजित करेगी लोकतंत्र दिवस

### नागरिक 21 मार्च तक आवेदन करें

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे महानगरपालिका (TMC) 7 अप्रैल 2025 को लोकतंत्र दिवस का आयोजन करेगी। नागरिकों से अपील की गई है कि वे 21 मार्च तक अपनी शिकायतें मनपा मुख्यालय के नागरिक सुविधा केंद्र में दो प्रतियों में जमा करें।

### शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया



आवेदकों को प्रत्येक शिकायत के साथ फॉर्म-1 (बी) संलग्न करना होगा। यह फॉर्म नागरिक सुविधा केंद्र पर उपलब्ध है। महाराष्ट्र सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र के अनुसार, लोकतंत्र दिवस के दिन शिकायतें स्वीकार नहीं की जाएंगी। नागरिकों को शिकायतें पहले से जमा करनी होंगी, ताकि उन पर समय से कार्रवाई हो सके।

### कौन-कौन सी शिकायतें स्वीकार होंगी?

जो शिकायतें सर्कल लोकतंत्र दिवस के दौरान दर्ज की गई थीं, लेकिन एक महीने तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। हर आवेदन में केवल एक ही शिकायत दी जा सकती है, एक से अधिक शिकायत होने पर आवेदन अमान्य होगा। पहले से दर्ज शिकायतों के लिए नागरिकों को टोकन नंबर का उल्लेख करना आवश्यक होगा। नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी शिकायतें दर्ज कराकर लोकतंत्र दिवस का लाभ उठाएं।

## प्रदेश की प्रगति की डोर लाइनमैन के हाथ में है!

### लाइनमैन दिवस के अवसर पर संयुक्त प्रबंध निदेशक दिलीप जगदाले का अभिनंदन

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण/भांडुप**

जनमित्र या लाइनमैन महावितरण प्रणाली में एक बहुत ही महत्वपूर्ण तत्व है। महावितरण का जनमित्र अत्यंत कठिन परिस्थितियों जैसे गर्मी, हवा, बारिश, प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं और कई अन्य स्थितियों में ग्राहकों को सुचारू बिजली आपूर्ति के लिए निर्बाध सेवा प्रदान करता है। वास्तव में, राज्य की प्रगति की धुरी उनके हाथ में है, ऐसा महावितरण के कोंकण क्षेत्रीय प्रभाग के संयुक्त प्रबंध निदेशक दिलीप जगदाले ने व्यक्त किया। वे मंगलवार (4 मार्च) को कल्याण सर्किल में लगातार तीसरे वर्ष आयोजित लाइनमैन दिवस के मुख्य समारोह में बोल रहे थे, जिसका उद्देश्य विद्युत वितरण प्रणाली की रीढ़ माने



जाने वाले लाइनमैनों के प्रति आभार व्यक्त करना था। मंच पर कल्याण सर्किल के मुख्य अभियंता चंद्रमणि मिश्रा, अधीक्षण अभियंता दीपक पाटिल, दिलीप भोले और मोहन कलोगे प्रमुख रूप से उपस्थित थे। जगदाले ने कहा कि जनमित्रों को अपने दैनिक कार्य में सुरक्षा, स्वाभिमान और सेवा के तीन सिद्धांतों का पालन करना होगा। उन्हें अपने काम के माध्यम से वर्दी का सम्मान बढ़ाना चाहिए। उन्हें समय-समय पर आयोजित प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए क्योंकि प्रशिक्षण भविष्य में संभावित जोखिमों से बचने में बहुत मददगार होता है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे अपनी भावी पीढ़ियों को ध्यान में रखते हुए कार्यस्थल पर सुरक्षा को प्राथमिकता दें। कार्यक्रम की शुरुआत में कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले बिजली कर्मचारियों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके अलावा, लघु प्रशिक्षण केंद्र परिसर में स्थापित 'लाइनवुमन' प्रतिमा का भी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा अनावरण किया गया। कल्याण और भांडुप मंडल के अंतर्गत विभिन्न विभागों और उप-विभाग स्तर पर बाइक और साइकिल रैली, रक्तदान शिविर आदि का आयोजन करके लाइनमैन दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कल्याण पूर्व विभाग द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 48 रक्त की बोतलें एकत्रित की गईं।

# राशिफल

**प्रियंका जैन**

**मेष** – घर की परिवार की चिंता रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। थकान रहेगी। पिता का स्वास्थ्य संतोष देगा। अहंकार के भाव मन में न आने दें।

**वृष** – धनागम होगा। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। रोजगार मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। जल्दबाजी न करें। नौकरी में ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति के योग हैं। स्वाध्याय के महत्व को समझें। संतान को अपने कार्यों में सफलता मिल सकेगी।

**मिथुन** – स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। कार्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा। स्वार्थ एवं भोग की प्रवृत्ति के कारण अधिक प्रतिष्ठा प्राप्त नहीं कर पाएँगे।

**कर्क** – अप्रत्याशित खर्च होंगे। तनाव रहेगा। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम न लें। नए संबंधों के प्रति सतर्क रहें। भूल करने से विरोधी बढ़ेंगे। कार्यक्षेत्र का विकास एवं विस्तार होगा।

**सिंह** – प्रयास सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे। सुखवृद्धि एवं पारिवारिक उन्नति होगी। आर्थिक योजनाओं में धन का निवेश हो सकता है।

**कन्या** – प्रयास सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे। सुखवृद्धि एवं पारिवारिक उन्नति होगी। आर्थिक योजनाओं में धन का निवेश हो सकता है। पड़ोसियों से किसी बात पर मतभेद की संभावना है।

**तुला** – बेरोजगारी दूर होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। कामकाज की जिज्ञासा बढ़ेगी। राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यों में सफलता की संभावना है।

**वृश्चिक** – आज फालतू धन खर्च होगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें। पुराना रोग उभर सकता है। कुसंगति से हानि होगी। अनसोचे कार्य होंगे। दांपत्य जीवन में मनमुटाव हो सकता है। पारिवारिक समस्याएँ सूझबूझ से निपटाएँ।

**धनु** – पुराना रोग उभर सकता है। बेचैनी रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। व्यापारिक गोपनीयता भंग न करें। पूंजी निवेश लाभकारी रहेगा।

**मकर** – नए अनुबंध हो सकते हैं। व्यवसाय ठीक चलेगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक तनाव से मन परेशान रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लाभ में कमी आ सकती है।

**कुंभ** – धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी। धनार्जन होगा। प्रसन्नता रहेगी। यश, प्रतिष्ठा में वृद्धि के योग हैं। मनोरंजन के अवसर उपलब्ध होंगे। अनसोचे कामों में हाथ नहीं डालें।

**मीन** – व्यापार में लाभ होने के योग हैं। धार्मिक कामों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी से विवाद हो सकता है। अपनी स्थिति, योग्यता के अनुरूप कार्य करें। आज चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है।

# पंचम स्थान से संतान योग

संतान सुख कैसे होगा, इसके लिए भी हमें पंचम स्थान का ही विश्लेषण करना होगा। पंचम स्थान का मालिक किसके साथ बैठा है, यह भी जानना होगा। पंचम स्थान में गुरु शनि को छोड़कर पंचम स्थान का अधिपति पाँचवें हो तो संतान संबंधित शुभ फल देता है। यदि पंचम स्थान का स्वामी आठवें, बारहवें हो तो संतान सुख नहीं होता। यदि हो भी तो सुख मिलता नहीं या तो संतान नष्ट होती है या अलग हो जाती है। यदि पंचम स्थान का अधिपति सप्तम, नवम, ग्यारहवें, लग्नस्थ, द्वितीय में हो तो संतान से संबंधित सुख शुभ फल देता है। द्वितीय स्थान के स्वामी ग्रह पंचम में हो तो संतान सुख उत्तम होकर लक्ष्मीपति बनता है।
पंचम स्थान का अधिपति छठे में हो तो दत्तक पुत्र लेने का योग बनता है। पंचम स्थान में मीन राशि का गुरु कम संतान देता है। पंचम स्थान में धनु राशि का गुरु हो तो संतान तो होगी, लेकिन स्वास्थ्य






प्रियंका जैन
9769994439

कमजोर रहेगा। गुरु का संबंध पंचम स्थान पर संतान योग में बाधा देता है। सिंह, कन्या राशि का गुरु हो तो संतान नहीं होती। इस प्रकार तुला राशि का शुक्र पंचम भाव में अशुभ ग्रह के साथ (राहु, शनि, केतु) के साथ हो तो संतान नहीं होती।
पंचम स्थान में मेष, सिंह, वृश्चिक राशि हो और उस पर शनि की दृष्टि हो तो पुत्र संतान सुख नहीं होता। पंचम स्थान पर पड़ा राहु गर्भपात कराता है। यदि पंचम भाव में गुरु के साथ राहु हो तो चांडाल योग बनता है और संतान में बाधा डालता है यदि यह योग स्त्री की कुंडली में हो तो। यदि यह योग पुरुष कुंडली में हो तो संतान नहीं होती। नीच का राहु भी संतान नहीं देता। राहु, मंगल, पंचम हो तो एक संतान होती है। पंचम स्थान में पड़ा चँद्र, शनि, राहु भी संतान बाधक होता है। यदि योग लग्न में न हों तो चँद्र कुंडली देखना चाहिए। यदि चँद्र कुंडली में यह योग बने तो उपरोक्त फल जानें।
पंचम स्थान पर राहु या केतु हो तो पितृदोष, दैविक दोष, जन्म दोष होने से भी संतान नहीं होती। यदि पंचम भाव पर पितृदोष या पुत्रदोष बनता हो तो उस दोष की शांति करवाने के बाद संतान प्राप्ति संभव है। पंचम स्थान पर नीच का सूर्य संतान पक्ष में चिंता देता है। पंचम स्थान पर नीच का सूर्य ऑपरेशन द्वारा संतान देता है। पंचम स्थान पर सूर्य मंगल की युति हो और शनि की दृष्टि पड़ रही हो तो संतान की शस्त्र से मृत्यु होती है।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में 12 मार्च को होगी झारखंड कैबिनेट की बैठक



**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक अगले सप्ताह होगी। बुधवार (12 मार्च 2025) को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) के मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। मंत्रिपरिषद की बैठक सुबह 11 बजे से होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने बुधवार (5 मार्च 2025) को यह सूचना दी है। कैबिनेट की बैठक में कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी जायेगी।

### झारखंड को जल्द मिलेगा नेता प्रतिपक्ष



**रांची।** झारखंड को जल्द नेता प्रतिपक्ष मिल जायेगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा संसदीय बोर्ड ने झारखंड विधानसभा में भाजपा के विधायक दल के नेता के चयन के लिए 2 केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिये हैं। दोनों पर्यवेक्षक जल्द ही झारखंड आयेंगे और विधायकों से रायशुमारी करने के बाद विधायक दल के नेता का चयन करेंगे। पर्यवेक्षकों के नाम भूपेंद्र यादव और डॉ के लक्ष्मण हैं। भूपेंद्र यादव केंद्रीय वन, पर्यावरण मंत्री हैं। डॉ के लक्ष्मण ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। वह सांसद भी हैं। राष्ट्रीय मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी।

नवंबर-दिसंबर में झारखंड विधानसभा चुनाव हुए थे। इसमें भाजपा को 21 सीटों पर जीत मिली थी। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) 34 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी। विपक्षी दलों में सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाली भाजपा अब तक विधायक दल का नेता नहीं चुन पायी है। इसलिए झारखंड को नेता प्रतिपक्ष नहीं मिल पाया है। सत्ताधारी गठबंधन में शामिल पार्टियां लगातार इसके लिए बीजेपी पर तंज कसती हैं।

### उज्जवला योजना केंद्र की महज चुनावी योजना : वित्त मंत्री

**रांची।** बजट सत्र में बुधवार को भोजनावकाश के बाद बजट पर हुए वाद-विवाद का जवाब देते हुए वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि उज्जवला योजना केंद्र सरकार की केवल चुनाव जीतने वाली योजना थी। उन्होंने कहा कि 38 लाख 44 हजार 961 करोड़ रुपए की यह योजना केंद्र सरकार ने बंद कर दी। उन्होंने कहा कि इससे गरीबों का चूल्हा बंद हो गया। उन्होंने कहा कि झारखंड को दी जानेवाली अनुदान की राशि में केंद्र सरकार धीरे धीरे कमी करती जा रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य में पेयजलापूर्ति के लिए जल जीवन मिशन के तहत बकाया छह हजार करोड़ रुपए नहीं दिए।

# लखनऊ-गाजियाबाद में अंसल के मालिकों पर मुकदमा दर्ज

**सीएम योगी के सख्त बयान के बाद एलडीए ने दर्ज कराया केस**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लगातार सख्त बयानों के बाद देर रात लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सुशांत गोल्फ सिटी के घोटाले में अंसल के निदेशकों और उसके मालिकों के खिलाफ FIR दर्ज करा दी। कंपनी के 7000 निवेशकों का पैसा हड़पने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया। अंसल के मालिक सुशील अंसल, प्रणव अंसल, निदेशक संजय गुप्ता व अन्य के खिलाफ गोमती नगर थाने में नामजद FIR दर्ज की गई है। वहीं गाजियाबाद में भी निदेशकों के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शिकायत में लिखा है कि अंसल इन्फ्रास्ट्रक्चर के मूल अनुमोदित क्षेत्रफल 1765 एकड़ से बढ़ाकर 3530 एकड़ प्रथम विस्तार के लिए स्वीकृति 30 जून 2010 को दी गई थी। इसकी डीपीआर 18।05।2010 को स्वीकृत की गई थी। मेसर्स अंसल प्रॉपर्टीज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को मूल अनुमोदित प्रथम विस्तार क्षेत्रफल 3530 एकड़ के साथ-साथ 2935 एकड़ द्वितीय विस्तार के लिए स्वीकृति 13।12।2013 को दी गई थी। शिकायत दर्ज कराई गई है कि शासन की नीति अनुसार विकासकर्ता द्वारा बिजली घर, एसटीपी, ट्यूबवेल/पानी की टंकी की भूमि न खरीदने एवं मूल अनुमोदित योजना के अतिरिक्त नवीन सम्मिलित की गई भूमि के स्वामित्व अभिलेख प्रस्तुत न करने के कारण लेआउट आज तक स्वीकृत नहीं हुआ है।

### जालसाजी और धोखाधड़ी का केस




सार्वजनिक सूचना न लगाते हुए अंसल प्रापर्टीज एंड इन्फ्रा लिमिटेड के प्रमोटर्स प्रणव अंसल, सुशील अंसल द्वारा प्राधिकरण के पक्ष में बंधक भूमि को जालसाजी एवं धोखाधड़ी करते हुए बेच दिया गया है। इसके अतिरिक्त उपनिबंधक, सरोजनीनगर, लखनऊ से प्राप्त सूचना के अनुसार कन्सोर्सियम सदस्य के द्वारा दिनांक 01।01।2022 से दिनांक 28।02।2025 तक बड़ी संख्या में रजिस्ट्री कराई गई। इनके नंबर -10407/2022, 848/2022, 27529/2022, 27527/2022 34344/2022, 6130/2022, 31911/2022 ।41624/2022, 15735/2022, 18171/2022 हैं। अंसल एपीआई के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती मंगलवार को विधानसभा में बजट सत्र पर उनके भाषण के दौरान भी नजर आई। लोगों से धोखाधड़ी करने वाली कंपनी के अधिकारियों के अलावा उन्होंने इस पूरे मामले में समाजवादी पार्टी को भी घसीट लिया।

## पति की मां और भाई ने मिलकर पत्नी की कर दी हत्या



**सिवान।** सिवान के लकड़ी नबीगंज थाना क्षेत्र के उज्जैना में एक महिला की हत्या कर दी गई। महिला की हत्या का आरोप सास और भसूर पर लगा है। इस घटना के बाद ससुराल वाले हत्या के आरोपी सास और भसुर घर छोड़कर फरार हो गए हैं।

### दहेज के लिए किया गया प्रताड़ित

मृतक महिला की पहचान शीतल देवी के रूप में हुई है जो छपरा जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के रूसी गम्हरिया की तारकेश्वर प्रसाद की 27 वर्षीय पुत्री है। उनकी शादी 2019 में हिंदू रीति रिवाज से सिवान जिले के लकड़ी नबीगंज थाना क्षेत्र के उज्जैना गांव निवासी विजय प्रसाद से हुई थी। जिसके बाद से ससुराल में उनको कई बार दहेज और अन्य चीजों के लिए प्रताड़ित किया गया।

### छापेमारी शुरू


लकड़ी नबीगंज इंस्पेक्टर कुंदन कुमार पांडेय ने बताया कि एक महिला की संदेहास्पद स्थिति में मौत हुई है, वही मायके वाले हत्या का आरोप लगा रहे हैं मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल आरोपितों को पकड़ने के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है।

# भतीजे आकाश के बाद भाई आनंद कुमार पर कार्रवाई

**मायावती ने राष्ट्रीय समन्वयक पद से हटाया**

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने आकाश आनंद के पिता आनंद कुमार को नेशनल कोऑर्डिनेटर के पद से हटा दिया है। दो दिन पहले ही उन्हें इस पद की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। आनंद कुमार की जगह पर अब पार्टी ने सहारनपुर के रणधीर बेनीवाल व रामजी गौतम को नेशनल कोऑर्डिनेटर के पद पर नियुक्त किया है। बसपा प्रमुख मायावती ने यह जानकारी सोशल मीडिया पर पर साझा की है। मायावती ने कहा, काफी लम्बे समय से निस्वार्थ सेवा व समर्पण के साथ कार्यरत बीएसपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनन्द कुमार, जिन्हें अभी हाल ही में नेशनल कोऑर्डिनेटर भी बनाया गया था, उन्होंने पार्टी व मूवमेन्ट के हित के मद्देनजर एक पद पर रहकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की है, जिसका स्वागत है।

### रणधीर बेनीवाल बने बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर



ऐसे में आनन्द कुमार पहले की ही तरह बीएसपी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए सीधे मेरे दिशा-निर्देशन में पूर्ववत अपनी ज़िम्मेदारियों को निभाते रहेंगे। और अब उनकी जगह यूपी के ज़िला सहारनपुर निवासी रणधीर बेनीवाल को नेशनल कोऑर्डिनेटर की नई जिम्मेदारी दी गयी है। अब रामजी गौतम व रणधीर बेनीवाल ये दोनों बीएसपी नेशनल कोऑर्डिनेटर के रूप में सीधे मायावती के दिशा-निर्देशन में देश के विभिन्न राज्यों की जिम्मेदारियों को संभालेंगे।

## पुलिस की स्कॉर्पियो से शराब बरामद

**सिवान।** सिवान में पुलिस की बोर्ड लगी स्कॉर्पियो से शराब बरामद किया गया है। स्कॉर्पियो से एक कार्टून देशी और विदेशी शराब बरामद किया गया है। स्कॉर्पियो चालक को एंटी लिकर टास्क फोर्स ने हिरासत में ले लिया है। स्कॉर्पियो चालक को हिरासत में लेकर टीम पूछताछ कर रही है। गुप्त सूचना के आधार पर एंटी लिकर टास्क फोर्स ने मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के गोपालगंज मोड़ के पास कार्रवाई की है।

### गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई



एंटी लिकर टास्क फोर्स को गुप्त सूचना मिली कि काली शीशा और पुलिस बोर्ड लगी सफेद रंग की स्कॉर्पियो में शराब लदी हुई है। जो की मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में जा रही हैं। तभी एंटी लिकर टास्क फोर्स की टीम ने मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के गोपालगंज मोड़ के पास स्कॉर्पियो को रोक कर तलाशी ली।

### गाड़ी के मालिक की तलाश कर रही पुलिस

तलाशी के दौरान स्कॉर्पियो से देशी और विदेशी शराब को बरामद किया गया। स्कॉर्पियो में एक कार्टून देशी शराब,4 पिस अंग्रेजी शराब और 4 पिस बियर रखा हुआ था। जिसके बाद चालक को टीम हिरासत में लेकर मुफ्फसिल थाना पहुंची। जहां चालक से टीम पूछताछ कर रही हैं। आखिर ये शराब की खेप कहां से लाया जा रहा था और ये पुलिस की बोर्ड लगी गाड़ी किसकी हैं।

## भारत फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन एजेंट ही निकले लूट के मास्टरमाइंड

**सरायकेला।** भारत फाइनेंस कंपनी के एजेंटों से लगातार हो रही लूट के मामले का सरायकेला-खरसावां जिले की पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस की जांच में पता चला कि कलेक्शन एजेंट ही लूटकांड का मास्टरमाइंड है। पुलिस ने लूटकांड में शामिल 5 युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि कलेक्शन एजेंट खुद



ही लूट की साजिश रचता था और खुद ही लूटपाट करवाते थे। बाद में शिकायत दर्ज कराते थे कि उनके साथ लूटपाट हो गयी है।


### लूट में इस्तेमाल सामान भी पुलिस ने किये बरामद

पुलिस ने लूट में इस्तेमाल होने वाले सामान बरामद कर लिये हैं। गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों में 3 भारत फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन एजेंट हैं। पुलिस की गिरफ्त में आये अपराधियों के नाम निवारण प्रधान, वासुदेव महतो, सुदीप भक्त, अरुण पुराण और विवेकानंद पातर हैं। इनमें से तीन निवारण प्रधान, वासुदेव महतो और सुदीप भक्त भारत फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन एजेंट हैं।

सरायकेला-खरसावां के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मुकेश लुणायत ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सितंबर 2024 से राजनगर थाना क्षेत्र में कलेक्शन एजेंट से लगातार लूट की घटना हो रही थी। 15-15 दिन के बाद एफआईआर दर्ज कराये जा रहे थे। शक होने पर एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया गया।

संभल शाही जामा मस्जिद-मंदिर विवाद

## अब 28 अप्रैल को होगी सुनवाई



**संभल।** जिले में शाही जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर होने का दावा पेश करने वाली याचिका पर अब 28 अप्रैल को सुनवाई होगी। सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में बुधवार को इस मामले में सुनवाई हुई, जहां अब अदालत ने अगली तारीख नियत की है। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता श्रीगोपाल शर्मा ने बताया कि जामा मस्जिद पक्ष को इस मामले में अपना लिखित में स्टेटमेंट दाखिल कराना था, लेकिन उनकी ओर से स्टेटमेंट दाखिल नहीं किया गया। हमने न्यायालय से प्रार्थना की है कि उनका स्टेटमेंट दाखिल करने का मौका समाप्त किया जाए। इस मामले में शाही जामा मस्जिद के सदर जफर अली ने बताया कि बुधवार को सुनवाई थी। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट से स्टे है इसलिए कोई सुनवाई नहीं हुई, इसमें 28 अप्रैल की डेट दी गई है। उन्होंने कहा कि अभी सर्वे रिपोर्ट नहीं खुली है, जब खुलेगी तभी अपना पक्ष रखेंगे।

## व्यापार जगत

# शेयर बाजार में जोरदार तेजी

## टैरिफ वॉर में राहत की उम्मीद से निवेशकों में उत्साह

**नई दिल्ली।** लगातार 10 दिनों की गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजार में जबरदस्त उछाल देखने को मिला। अमेरिका द्वारा टैरिफ वॉर में राहत के संकेत, एशियाई बाजारों में मजबूती और मिडकैप-स्मॉलकैप के साथ ब्लू चिप शेयरों में लिवाली की वजह से बाजार में सकारात्मक माहौल बना।




### अमेरिका के संकेतों से आई तेजी

बाजार में तेजी की सबसे बड़ी वजह अमेरिकी कॉमर्स सेक्रेट्री हावर्ड विलियम लुटनिक का बयान माना जा रहा है, जिसमें उन्होंने कनाडा और मैक्सिको पर लगे टैरिफ में संभावित कटौती का संकेत दिया। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अगर अमेरिका टैरिफ वॉर में नरमी दिखाता है, तो वैश्विक व्यापार में अस्थिरता कम होगी और निवेशकों का आत्मविश्वास बढ़ेगा।

### मिडकैप-स्मॉलकैप और लार्जकैप शेयरों में लिवाली

धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी ने बताया कि एशियाई बाजारों में मजबूती के चलते घरेलू बाजार को सहारा मिला। मिडकैप, स्मॉलकैप और ब्लू चिप कंपनियों में निवेशकों ने जमकर खरीदारी की, जिससे बाजार को ऊपर चढ़ने का मौका मिला।

### अभी सतर्क रहने की सलाह

हालांकि, खुराना ने निवेशकों को अधिक उत्साहित न होने की सलाह दी है। उनके मुताबिक, निफ्टी को 22,000 और सेंसेक्स को 72,800 पर मजबूत सपोर्ट मिल रहा है, लेकिन अगर ये स्तर टूटते हैं, तो निफ्टी 21,500 और सेंसेक्स 71,500 तक गिर सकता है। ऐसे में शॉर्ट टर्म ट्रेडिंग से बचने की सलाह दी गई है।

### भारतीय निर्यातकों को मिलेगा फायदा?

खुराना सिक्योरिटीज एंड फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ रवि चंदर खुराना के मुताबिक, अमेरिका के टैरिफ वॉर से भारतीय निर्यातकों को लाभ हो सकता है। कनाडा, मैक्सिको और चीन पर भारी टैरिफ लगाने से भारतीय कंपनियों को अमेरिकी बाजार में अपने शिपमेंट बढ़ाने का मौका मिलेगा, जिससे शेयर बाजार में सकारात्मकता बनी हुई है।

## फरवरी में हुए 1611 करोड़ UPI ट्रांजैक्शन




**मुंबई।** फरवरी 2025 में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) के जरिए 1611 करोड़ ट्रांजैक्शन हुए। इस दौरान इस दौरान कुल 21.96 लाख करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर की गई। ट्रांजैक्शन की संख्या में सालाना आधार पर 33% की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, इसके जरिए ट्रांसफर हुई अमाउंट में 20% की बढ़ोतरी हुई है। एक साल पहले यानी फरवरी 2024 में 1210 करोड़ ट्रांजैक्शन के जरिए 18.28 लाख करोड़ रुपए का लेनदेन हुआ था। वहीं, इस महीने 3 मार्च तक करीब 39 लाख UPI ट्रांजैक्शन हुए, इसके जरिए 1050 करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर गई।

### जनवरी के मुकाबले फरवरी में 5% कम ट्रांजैक्शन

एक महीने पहले यानी जनवरी की तुलना में ट्रांजैक्शन की संख्या में 5% की कमी रही। जनवरी में लोगों ने 1699 करोड़ ट्रांजैक्शन के जरिए 23.48 लाख करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर की गई। नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) UPI को रेगुलेट करती है।

## कोयला उत्पादन 32.53% बढ़कर 167.36 मिलियन टन पहुंचा



**नई दिल्ली।** देश में कैप्टिव और वाणिज्यिक खदानों से कोयला उत्पादन में जबरदस्त वृद्धि दर्ज की गई है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में फरवरी तक कुल उत्पादन 167.36 मिलियन टन (MT) पहुंच गया, जो पिछले साल की समान अवधि के 126.28 मिलियन टन के मुकाबले 32.53% अधिक है।

### कोयला डिस्पैच में भी तेज़ी

कोयला मंत्रालय के मुताबिक, कोयला डिस्पैच भी 32.86% बढ़कर 170.66 मिलियन टन हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 128.45 मिलियन टन था। इससे बिजली, स्टील और सीमेंट जैसे प्रमुख उद्योगों को निर्बाध कोयला आपूर्ति सुनिश्चित हुई है।

### नए कोयला खदानों का योगदान

मंत्रालय ने बताया कि मेसर्स प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड की भास्करपारा कोयला खदान ने 15 फरवरी, 2025 से उत्पादन शुरू कर दिया है।

### आर्थिक सुधार और ऊर्जा सुरक्षा पर जोर

कोयला मंत्रालय ने कहा कि खनन क्षेत्र में निवेश और बेहतर तकनीक को आकर्षित करने के लिए कमर्शियल खदानों की शुरुआत की गई थी। सरकार 2047 तक विकसित भारत की दिशा में काम कर रही है, और कोयला क्षेत्र ऊर्जा सुरक्षा, सतत विकास और आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## भारत दूरसंचार नवाचार और विनियमन में अपना रहा बहु-चरणीय दृष्टिकोण: सिंधिया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारत दूरसंचार में नवाचार और विनियमन के लिए बहु-चरणीय दृष्टिकोण अपना रहा है। उन्होंने बताया कि नवाचार, समावेशिता, स्थिरता और विश्वास भारत के तकनीकी शासन के मूल सिद्धांत हैं।

### मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस 2025 में भारत की भागीदारी




संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार, स्पेन के बार्सिलोना में आयोजित मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस (MWC) 2025 में भारत की ओर से दूरसंचार क्षेत्र में हो रहे बदलावों को प्रदर्शित किया गया। सिंधिया ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 का शुभारंभ किया और दूरसंचार उपकरण एवं सेवा निर्यात संवर्धन परिषद (TEPC) द्वारा लगाए गए भारत पैवेलियन का उद्घाटन किया, जहां 38 भारतीय दूरसंचार उपकरण निर्माता अपने अत्याधुनिक उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं।

### वैश्विक मंच पर भारत की मौजूदगी

सिंधिया ने इस दौरान GSMA, FCC, पोलैंड और स्वीडन के प्रतिनिधियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। उन्होंने 5G, AI और अगली पीढ़ी की मोबाइल प्रौद्योगिकियों में उन्नति कर रही कंपनियों के बूथ का भी दौरा किया।

### भारत में दूरसंचार क्षेत्र में तेज़ी से बदलाव

इस आयोजन में भारत में सबसे कम डेटा कीमत, स्वदेशी 4G/5G स्टैक और साइबर सुरक्षा उपायों को उजागर किया गया। मंत्री ने 'वैश्विक प्रौद्योगिकी प्रशासन: चुनौतियों का सामना' और 'नवाचार एवं विनियमन में संतुलन: दूरसंचार नीति पर वैश्विक परिप्रेक्ष्य' विषयों पर सत्रों को संबोधित किया। ₹कन्वर्ज, कनेक्ट और क्रिएट₹ थीम पर आयोजित MWC 2025 (3-6 मार्च) में 101,000 से अधिक प्रतिभागी, 2,700 से ज्यादा प्रदर्शक और 200 से अधिक देशों के विशेषज्ञ 5G, AI, IoT और डिजिटल परिवर्तन के क्षेत्र में नवीनतम नवाचारों को प्रदर्शित कर रहे हैं।

## भारत में पिछले 6 वर्षों में महिला कार्यबल भागीदारी में रहा सकारात्मक रुझान : डावरा

**नई दिल्ली।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा ने बुधवार को कहा कि भारत में पिछले छह वर्षों में महिला कार्यबल भागीदारी में सकारात्मक रुझान देखा गया है। उन्होंने भारत में महिला कार्यबल भागीदारी में सुधार पर आयोजित एक गोलमेज चर्चा के दौरान यह बात कही। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को एक




बयान में कहा कि सचिव सुमिता डावरा ने मसूरी में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) में भारत में महिला कार्यबल भागीदारी में सुधार पर एक गोलमेज चर्चा के दौरान कहा कि भारत में पिछले छह वर्षों में महिला कार्यबल भागीदारी में सकारात्मक रुझान देखा गया है। गोलमेज चर्चा 3 और 4 मार्च को आयोजित की गई थी। डावरा ने कहा कि यह कार्यक्रम 70 फीसदी महिला कार्यबल भागीदारी के विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## न्यूज़ ब्रीफ



### शांत रहने से टी-20 में सफलता मिली : रहाणे

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने इंडियन प्रीमियर लीग और घरेलू टी-20 में मिली सफलता का श्रेय शांत रहते हुए बेखौफ क्रिकेट खेलने को दिया। रहाणे ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के पिछले सत्र में 164.56 की स्ट्राइक रेट से 469 रन बनाए जिसमें पांच अर्धशतक शामिल थे। रहाणे ने एक कार्यक्रम में कहा, मैं पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाने की सोचता था। हालांकि पिछले दो-तीन साल से मैंने बेखौफ खेलने पर जोर दिया और स्वाभाविक खेल को बरकरार रखा। सैयद मुश्ताक अली में मेरा प्रदर्शन अच्छा था जिससे काफी आत्मविश्वास मिला। यह अपने खेल पर भरोसा करके वर्तमान में रहने और शांतचित्त रहने के बारे में है। मैने हमेशा अपने खेल में सुधार और उसका पूरा मजा लेने पर जोर दिया।



### वाणी को पेशेवर टूर के पांचवें चरण में बढ़त

एजेंसी | गुरुग्राम

वाणी कपूर अंतिम लम्हों में दो बोगी करने के बावजूद बुधवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर के पांचवें चरण में पहले दौर के बाद शीर्ष पर हैं। पिछले महीने चौथा चरण जीतने वाली वाणी दो अंडर 70 के स्कोर से शीर्ष पर हैं। उन्होंने अमनदीप द्राल पर एक शॉट की बढ़त बना रखी है जिन्होंने पहले दौर में एक अंडर 71 का स्कोर बनाया। बेहद तेज हवा के बीच सिर्फ वाणी और अमनदीप ही अंडर पार का स्कोर बना पाईं। रिया झा दो ओवर 74 के स्कोर से तीसरे स्थान पर हैं। अमेच्योर कीरत कांग, अनाहिता सिंह, ओविया रेड्डी, नेहा त्रिपाठी और ऋद्धिमा दिलावरी चार ओवर 76 के स्कोर से संयुक्त रूप से चौथे पायदान पर हैं।

# नए जोश के साथ नई ऊंचाइयां छू रहे किंग कोहली

'कोहली वनडे क्रिकेट में जबर्दस्त खिलाड़ी है। उसे पता है कि पहले बल्लेबाजी करने या लक्ष्य का पीछा करते हुए कैसे रणनीति बनानी है। वह हालात के अनुकूल तेजी से ढल जाता है और यही वजह है कि आला दर्जे के खिलाड़ी और अनुभव क्यों महत्वपूर्ण है। यही वजह है कि वनडे क्रिकेट में उसका इतना जबर्दस्त रिकॉर्ड है। उम्मीद है कि वह भविष्य में भी ऐसे ही खेलते रहेगा।'

–गौतम गंभीर, कोच भारत

**1 हजार रन आईसीसी के नॉकआउट टूर्नामेंट में बनाने वाले कोहली पहले खिलाड़ी हैं**



एजेंसी | दुबई

विराट कोहली भले 16 रन से अपने 52वें शतक से चूक गए पर अपनी पारी से भारत को उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा दिया। उन्होंने इस टूर्नामेंट से पहले कड़ी मेहनत और जोश से अपनी निजी कमजोरियों को मीलों पीछे छोड़ दिया। क्रिकेट की रिकॉर्ड बुक में कई बार अपना नाम दर्ज कराने के बाद भी किंग कोहली नई ऊंचाइयों छूने को बेताब हैं। सेमीफाइनल में अपनी पारी के दौरान वह स्पिनरों के खिलाफ खुलकर खेले। लंबे समय से स्पिनरों ने उन्हें परेशान कर रखा था जिससे वह उबर गए हैं। साथ ही उनका अर्धशतक ऐसे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ था जिसने अतीत में कई बार भारत का दिल तोड़ा था। यह चमत्कार हालांकि रातोंरात नहीं हुआ है बल्कि इसके पीछे उनकी कड़ी मेहनत है। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले नेट पर दो घंटे ज्यादा बिताए चूंकि बांग्लादेश के खिलाफ स्पिनर रिशाद हुसैन ने उन्हें आउट किया था। उन्होंने पाकिस्तानी स्पिनर अबरार अहमद को बखूबी खेला लेकिन ऑस्ट्रेलिया के एडम जांपा अलग लीग के गेंदबाज हैं। दुबई की धीमी पिच पर दूसरी पारी में गेंदबाजी से जांपा को और मदद मिली।

'कोहली लक्ष्य का पीछा करने वाला सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज है। हमारे खिलाफ वह कई बार ऐसा कर चुका है। वह अपनी ताकत पर खेलकर मैच को आखिर तक ले जाता है।'

–स्टीव स्मिथ, कप्तान ऑस्ट्रेलिया

पहली बार दोनों का सामना 2017 में हुआ था जब जांपा ने सफेद गेंद के प्रारूप में कोहली को पांच बार आउट किया। इसके बाद से कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के इस दिग्गज लेग स्पिनर को जवाबी हमले से रोका है। चैंपियंस ट्रॉफी के मैच से पहले उनके खिलाफ 107 की स्ट्राइक रेट से वह 245 गेंद में 264 रन बना चुके थे। सेमीफाइनल में उन्होंने जांपा की 24 गेंद में 23 रन बनाए। जीत के लिए 265 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए यह शानदार तो नहीं लेकिन प्रभावी प्रदर्शन रहा। उन्हें जांपा ने ही आउट किया लेकिन तब तक वह अपना काम कर चुके थे।

## शरत इस माह के अंत में लेंगे संन्यास

एजेंसी | चेन्नई



भारत के महान टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल का चेन्नई में इस महीने के आखिर में डब्ल्यूटीटी कंटेंडर टूर्नामेंट पेशेवर खिलाड़ी के रूप में आखिरी होगा। इसके बाद वह संन्यास ले लेंगे। उन्होंने बुधवार को यह घोषणा की। विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) टूर्नामेंट 25 से 30 मार्च तक खेला जाएगा। 42 वर्षीय शरत ने कहा, मैंने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट चेन्नई में खेला था और आखिरी भी यहीं खेलूंगा। यह पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर मेरा आखिरी टूर्नामेंट होगा। शरत ने राष्ट्रमंडल में छह स्वर्ण और एशियाई खेलों में दो कांस्य पदक जीते हैं। पिछले साल पेरिस में पांचवां और आखिरी ओलंपिक खेलने वाले इस दिग्गज ने कहा, मैंने राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों में पदक जीते हैं। ओलंपिक पदक मैं नहीं जीत सका। उम्मीद है कि मैं आने वाली युवा प्रतिभाओं के जरिये अपना सपना पूरा कर सकूंगा।

### मध्य प्रदेश ने उत्तर प्रदेश को 2-1 से शिकस्त दी

एजेंसी | पंचकुला

मध्यप्रदेश और झारखंड ने बुधवार को 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के डिवीजन ए मैच में जीत दर्ज की। मध्य प्रदेश ने डिवीजन ए के पूल डी मैच में उत्तर प्रदेश को 2–1 से शिकस्त दी। विजेता टीम के लिए हृतिका सिंह (7वें मिनट) और नीलू डाडिया (53वें मिनट) ने गोल दागे। उत्तर प्रदेश के लिए एकमात्र गोल कप्तान रजनी बाला ने 31वें मिनट में किया। झारखंड ने तमिलनाडु को 9–2 से हराया। डिवीजन बी में उत्तराखंड ने असम को 9–0 से जीत हासिल की।



## टीम ने अभी तक 'परफेक्ट खेल नहीं दिखाया : गंभीर

एजेंसी | दुबई

आसानी से संतुष्ट नहीं होने वाले भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में पहुंचने के बावजूद उनकी टीम ने अभी तक 'परफेक्ट खेल नहीं दिखाया है। उन्हें उम्मीद है कि रविवार को फाइनल में यह देखने को मिलेगा।

**प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं**

भारत ने पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराया जिसमें स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 84 रन की पारी खेली। गंभीर ने मैच के बाद कहा, अंतरराष्ट्रीय खेल में आप लगातार बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। आप यह नहीं कहते कि पूरी तरह से परफेक्ट खेल दिखाया। अभी तक हमने परफेक्ट प्रदर्शन नहीं किया है। मैं कभी भी प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं होऊंगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारतीय टीम 9 मार्च को टूर्नामेंट के फाइनल में ऐसा कर सकेगी। उन्होंने कहा, अभी हमें एक मैच और खेलना है। उम्मीद है कि वह परफेक्ट होगा। हम क्रिकेट के मैदान पर बेरहम लेकिन मैदान से बाहर विनम्र रहना चाहते हैं।

**साहसिक फैसले लिए**

भारत ने चार स्पिनरों को उतारने, अक्षर पटेल को पांचवें नंबर पर भेजने और केएल राहुल को छठे नंबर पर उतारने जैसे साहसिक फैसले भी लिए। बाहर से यह भले ही अतार्किक लगे लेकिन गंभीर के लिए रणनीति में ये मामूली बदलाव खिलाड़ियों को 'कम्फर्ट जोन से बाहर रखकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने के लिए जरूरी है। गंभीर ने कहा, क्रिकेट का मतलब अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलना ही है। आप इसी तरह से निखरते हैं। अगर सभी कम्फर्ट जोन में रहेंगे तो जड़ता आ जाएगी। हमारे ड्रेसिंग रूम में सब कम्फर्ट जोन से बाहर रहते हैं, चाहे कोचिंग स्टाफ हो या खिलाड़ी और आगे भी वही करेंगे जो भारतीय क्रिकेट के लिए अहम है।

## यूपी के सामने हार की हैट्रिक से बचने की चुनौती

एजेंसी | लखनऊ

खराब फॉर्म से जूझ रही यूपी वॉरियर्स को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में गुरुवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। लगातार दो मैच हार चुकी यूपी वॉरियर्स की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें इसी मैच पर टिकी हैं। अब दो ही मैच बचे हैं और उन्हें लगातार तीसरी हार से बचना होगा। उसे पिछले दो मैच में मुंबई और गुजरात जाइंटस ने बड़े अंतर से हराया और तालिका में सबसे नीचे धकेलते हुए रनरेट भी गिरा दिया। लखनऊ में बेथ मूनी ने शानदार बल्लेबाजी करके गुजरात जाइंट्स को पांच विकेट पर 186 रन तक पहुंचाया। जवाब में बल्लेबाजों की मददगार पिच पर वॉरियर्स की बल्लेबाज पूरी तरह नाकाम रहीं। जॉर्जिया वोल को तीसरे नंबर पर भेजने का उनका प्रयोग भी नाकाम रहा और दस ओवर में टीम ने छह विकेट 48 रन पर गंवा दिए। शीर्ष छह में से एक ही बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंच सकी। वेस्टइंडीज की चिनेले हेनरी ने 14 गेंद में 28 रन बनाकर टीम को सौ रन के पार पहुंचाया पर पूरी टीम 105 रन पर लुढ़क गई।



**हेनरी से उम्मीद**

हेनरी ने इस सत्र में 209 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 138 रन बनाए हैं और वह तेजी से रन बनाने में कामयाब रही हैं। यूपी की टीम वोल को फिर पारी शुरू करने भेज सकती है। मध्यक्रम में ग्रेस हैरिस की भूमिका अहम होगी। कप्तान दीप्ति शर्मा का बल्ला अभी तक खामोश रहा है जिनका जीत के लिए लय में लौटना जरूरी है।

## प्रज्ञाननंदा ने शैंकलैंड को बराबरी पर रोका



एजेंसी | प्राग

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा और अराविंद चिदंबरम प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में छठे दौर के बाद संयुक्त बढ़त बनाए हुए हैं। प्रज्ञाननंदा को अमेरिका के सैम शैंकलैंड ने ड्रॉ पर रोका जबकि अराविंद ने वियतनाम के कुआंग लीम ली के साथ अंक बांटे। अब उनके छह में से चार अंक हैं। टूर्नामेंट में पहली बार बुधवार को सारे मुकाबले ड्रॉ पर छूटे। चीन के शीर्ष वरीयता प्राप्त वेइ यि, नीदरलैंड्स के अनीश गिरि, जर्मनी के विंसेंट केमेर और कुआंग लीग तीन अंक लेकर अगले स्थान पर हैं। उनसे आधा अंक पीछे चेक गणराज्य के एंगुयेन थाइ दाइ वान और डेविड नवारा, तुर्किये के गुरेल एडिज और शैंकलैंड हैं। तीन दौर अभी बाकी हैं। सातवें दौर में प्रज्ञाननंदा का सामना वेइ यि से जबकि अराविंद का अनीश से होगा।

## लय वापस पाने की कोशिश कर रहा हूं : शमी

एजेंसी | दुबई

मोहम्मद शमी ने स्वीकार किया कि भारत के अकेले प्रमुख तेज गेंदबाज होने के नाते उन पर काफी जिम्मेदारी है। वह अपनी लय हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि चैंपियंस ट्रॉफी में टीम की जरूरतों पर खरे उतर सकें। चोट से उबरकर वापसी करने वाले शमी ने चोटिल जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में हर्षित राणा या हार्दिक पांड्या के साथ नई गेंद संभाली। राणा अभी नए हैं और हार्दिक हरफनमौला है जो आमतौर पर वनडे मैच में दस ओवर नहीं डालते। शमी ने अभी तक टूर्नामेंट में आठ विकेट लिए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया पर जीत के बाद कहा, मैं अपनी लय फिर हासिल करके टीम के लिए ज्यादा योगदान देने की कोशिश कर रहा हूं। दो विशेषज्ञ तेज गेंदबाज टीम में नहीं है और मेरे ऊपर ज्यादा जिम्मेदारी है। जब आप अकेले मुख्य तेज गेंदबाज हैं और दूसरा हरफनमौला है तो कार्यभार रहता है। आपको विकेट लेकर मोर्चे से अगुआई करनी होती है। मुझे इसकी आदत हो गई है और मैं अपना शत प्रतिशत से अधिक देने की कोशिश कर रहा हूं ।



उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि किसी को अपनी फिटनेस के बारे में बहुत ज्यादा सोचने की जरूरत है। हमें प्रयास करने होंगे और देखते हैं कि शरीर इसे कैसे लेता है। हम सभी आखिर में मजदूर हैं। मैं अब लंबे स्पैल फेंकने के लिए तैयार हूं। छोटे स्पेल हमेशा आसान होते हैं और सीमित ओवरों के क्रिकेट में यह मायने नहीं रखता कि दस ओवर फेंकने हैं या छह ओवर। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात का भी फायदा मिला है कि भारतीय टीम सारे मैच दुबई में खेल रही है।

## शाहिद कपूर की 'उड़ता पंजाब' का आएगा सीक्वल

*शाहिद कपूर और आलिया भट्ट की फिल्म 'उड़ता पंजाब' बॉलीवुड की यादगार फिल्मों में से एक रही है। 17 जून 2016 को रिलीज हुई इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक चौबे ने किया था, जबकि एकता कपूर ने इसे प्रोड्यूस किया था। अब, करीब 9 साल बाद, दर्शकों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने जा रही है। 'उड़ता पंजाब' के सीक्वल पर आखिरकार काम शुरू हो चुका है, जिससे फैंस के बीच उत्साह बढ़ गया है।*



**'उड़ता पंजाब 2' पर काम शुरू**

रिपोर्ट के अनुसार, एकता कपूर ने 'उड़ता पंजाब 2' पर काम शुरू कर दिया है, जिसमें शाहिद कपूर एक बार फिर मुख्य भूमिका निभाएंगे। फिलहाल, यह फिल्म अपने शुरुआती चरण में है। इस बार फिल्म का निर्देशन अभिषेक चौबे नहीं, बल्कि आकाश कौशिक करेंगे, जो इसकी कहानी भी लिख रहे हैं। फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम शुरू हो चुका है, और इसकी शूटिंग अगले साल से शुरू होने की संभावना है। 'उड़ता पंजाब' में शाहिद कपूर के साथ आलिया भट्ट, करीना कपूर और दिलजीत दोसांझ जैसे दमदार कलाकार नजर आए थे। 47 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 83 .80 करोड़ रुपये की कमाई की थी। जिससे दिलजीत दोसांझ ने हिंदी फिल्मों में अपनी शानदार एक्टिंग से पहचान बनाई थी। अगर आप इस फिल्म को देखना चाहते हैं, तो यह नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

## अमिताभ बच्चन ने नेपोटिज्म पर तोड़ी चुप्पी

*बॉलीवुड में नेपोटिज्म को लेकर समय–समय पर बहस छिड़ती रहती है और कई सितारों को 'नेपो–किड्स' का टैग दिया जा चुका है। इन्हीं में एक नाम अभिषेक बच्चन का भी है। हालांकि, अभिषेक कई बार साफ कर चुके हैं कि अपने करियर में उन्हें पिता से किसी तरह की विशेष मदद नहीं मिली। अब अमिताभ बच्चन ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर अभिषेक की प्रशंसा में कुछ खास शब्द शेयर किए हैं, जो चर्चा का विषय बन गए हैं।*



**'मैं भी ऐसा ही महसूस करता हूं'**

हाल ही में बॉलीवुड टॉकीज ने सोशल मीडिया पर अभिषेक बच्चन का एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'अभिषेक बच्चन बेवजह नेपोटिज्म के शिकार हो गए, जबकि उनकी फिल्मोग्राफी पर नजर डालें तो उनमें अच्छी फिल्मों की संख्या काफी ज्यादा है।' इस पोस्ट पर अमिताभ बच्चन ने भी अपनी राय रखी और दिल की बात कह डाली। उन्होंने लिखा, 'मैं भी ऐसा ही महसूस करता हूं और सिर्फ इसलिए नहीं, क्योंकि मैं उनका पिता हूं।' अमिताभ के इस बयान पर कई लोगों ने सहमति जताई है और सोशल मीडिया पर यह चर्चा का विषय बन गया है। अभिषेक बच्चन ने अपनी शानदार एक्टिंग स्किल्स से 'गुरु', 'युवा', 'बोल बच्चन', 'दसवीं' और 'ब्रीद' जैसी फिल्मों और वेब सीरीज में अपनी काबिलियत साबित की है।

## इमरान हाशमी और विशेष भट्ट की जोड़ी एक्शन ड्रामा के लिए फिर से साथ आई

*अभिनेता इमरान हाशमी और निर्माता विशेष भट्ट की जोड़ी ने अब तक कई हिट फिल्में दी हैं, जिनमें जन्नत (2008), राज (2009), मर्डर (2004), आवारापन (2007) और हमारी अधूरी कहानी (2015) जैसी फिल्में शामिल हैं। इन फिल्मों को दर्शकों से जबरदस्त प्यार मिला। अब यह सफल जोड़ी एक हाई–ऑक्टेन एक्शन ड्रामा के लिए फिर से साथ आई है, जिसे लेकर फैंस बेहद उत्साहित हैं। इमरान हाशमी भी इस प्रोजेक्ट को लेकर काफी रोमांचित हैं और विशेष भट्ट के साथ फिर काम करने को लेकर उत्सुक हैं।*





रिपोर्ट के मुताबिक इमरान हाशमी एक हाई-ऑक्टेन एक्शन ड्रामा के लिए विशेष भट्ट के साथ फिर से जुड़ चुके हैं। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इस महीने के अंत तक इसकी आधिकारिक घोषणा होने की संभावना है, जिससे फैंस की उत्सुकता और बढ़ जाएगी। इस फिल्म में इमरान जबरदस्त एक्शन अवतार में नजर आएंगे, जहां उनका एक बिल्कुल नया अंदाज देखने को मिलेगा। काम की बात करें, तो इमरान हाशमी इन दिनों अपनी अगली फिल्म गुडाचारी 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह 2018 में आई स्पाई थ्रिलर गुडाचारी का सीक्वल है। इस फिल्म में अदिवी शेष मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, जबकि उनकी जोड़ी पहली बार मधु शालिनी के साथ बनी है। इसके अलावा इमरान नीरज पांडे की एक वेब सीरीज का भी हिस्सा हैं, जो जल्द ही नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पॉन्सिबिलिटी है



न्यूज़ ब्रीफ

## महिलाओं की पूजा नहीं, सम्मान जरूरी:जज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने कहा कि महिलाओं को पूजा से ज्यादा सम्मान की जरूरत है। उन्हें सम्मान दिया जाए। जहां महिलाओं का सम्मान होता है, वहां देवता वास करते हैं। हमें माइंडसेट बदलना होगा। जेंडर इक्वालिटी अभी भी अधूरी है। जस्टिस उपाध्याय मंगलवार को दिल्ली स्टेट लीगल सर्विस अथॉरिटी (DSLSA) के कार्यक्रम में मौजूद थे। चीफ जस्टिस ने आगे कहा कि आज भी समाज में महिलाओं को पूरा सम्मान और समानता नहीं मिली है। हमें बदलाव लाने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में चीफ गेस्ट सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस केवी विश्वनाथन भी थे। साथ में दिल्ली हाईकोर्ट के कई जस्टिस मौजूद थे।

## महिला सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने किया सुसाइड

**हैदराबाद।** हैदराबाद में महिला सॉफ्टवेयर इंजीनियर के सुसाइड का मामला सामने आया है। 25 साल की देविका ने 2 मार्च की रात रायदुर्गम के प्रशांति हिल्स स्थित अपने घर में सीलिंग फैन से फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के बाद मृतक देविका की मां ने FIR दर्ज करवाई। जिसमें कहा कि दामाद सतीश शादी के बाद से ही देविका को दहेज के लिए परेशान करता था। इससे तंग आकर उसने आत्महत्या कर ली। देविका और सतीश एक ही सॉफ्टवेयर कंपनी में काम करते थे। दोनों 2 साल से एक-दूसरे को जानते थे। अगस्त 2024 में दोनों की गोवा में शादी हुई थी।

## मणिपुर में भूकंप के दो तेज झटके

**शिलांग/इंफाल/गुवाहाटी।** मणिपुर में बुधवार को लगातार दो भूकंप आए। इनमें से एक की तीव्रता 5.7 थी। भूकंप के झटके पूरे पूर्वोत्तर में महसूस किए गए। जानकारी के मुताबिक, 5.7 तीव्रता का भूकंप सुबह 11.06 बजे आया। शिलांग में क्षेत्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अधिकारियों के मुताबिक इसका केंद्र इंफाल पूर्वी जिले के याइरीपोक से 44 किलोमीटर पूर्व में और 110 किलोमीटर की गहराई पर था। उन्होंने बताया कि भूकंप के झटके असम, मेघालय और क्षेत्र के अन्य हिस्सों में महसूस किए गए। मणिपुर में दोपहर 12.20 बजे 4.1 तीव्रता का दूसरा भूकंप आया। भूकंप का केंद्र राज्य के कामजोंग जिले में 66 किलोमीटर की गहराई में था।

बोफोर्स केस

# सीबीआई ने माइकल हर्शमैन से जुड़ी जानकारी अमेरिका से मांगी

### हर्शमैन ने इन्फॉर्मेशन शेयर करने की इच्छा जताई थी

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्रीय जांच एजेंसी (CBI) ने बोफोर्स घोटाले का दावा करने वाले माइकल हर्शमैन से जुड़ी जानकारी अमेरिका से मांगी है। हर्शमैन 2017 में भारत दौरे पर आए थे। उन्होंने दावा किया था कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने घोटाले की जांच को पटरी से उतार दिया था। तब हर्शमैन ने CBI के साथ बोफोर्स मामले से जुड़ी अहम जानकारी शेयर करने की इच्छा जाहिर की थी।



### संक्षेप में बोफोर्स घोटाला ?

बोफोर्स घोटाला साल 1986 का है, तब राजीव गांधी की सरकार थी। आरोप था कि स्वीडिश कंपनी AB बोफोर्स ने सौदे के लिए भारतीय नेताओं और रक्षा मंत्रालय को 60 करोड़ रुपए की घूस दी थी।

### 2025 में CBI ने लेटर रोगेटरी (LR) भेजा

इंटरपोल और अमेरिकी अधिकारियों को भेजे लेटर के बाद जब कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला। आखिर में सीबीआई को लेटर रोगेटरी (LR) अमेरिका को भेजना पड़ा। इस साल 14 जनवरी को गृह मंत्रालय से लेटर रोगेटरी (LR) को अमेरिका भेजने के लिए सीबीआई को हरी झंडी मिल गई। सीबीआई कोर्ट ने 11 फरवरी कोLR आवेदन को मंजूरी दे दी। लेटर रोगेटरी (LR) एक देश की अदालत द्वारा किसी आपराधिक मामले की जांच या केस में मदद के लिए दूसरे देश के कोर्ट को भेजा गया लिखित अनुरोध है।

### मामला 39 साल पुराना, अब जांच कैसे उठी ?

CBI ने बोफोर्स को लेकर 1990 में केस दर्ज किया था। दरअसल 1989 में एक स्वीडिश रेडियो चैनल ने आरोप लगाया था कि बोफोर्स द्वारा सौदे को हासिल करने के लिए भारत के राजनेताओं और रक्षा अधिकारियों को रिश्वत दी गई थी। CBI ने 1999 और 2000 में आरोप पत्र दायर किए। दिल्ली हाईकोर्ट ने 2004 में राजीव गांधी को दोषमुक्त कर दिया था। 2005 में दिल्ली हाईकोर्ट ने बाकी बचे हुए आरोपियों के खिलाफ सभी आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि CBI आरोप साबित नहीं कर पाई।

### अब पूरा मामला सिलसिलेवार समझिए

**हर्शमैन ने क्या दावा किया था ?**

फेयरफैक्स ग्रुप के चीफ हर्शमैन ने 2017 में कई इंटरव्यू में दावा किया था कि 1986 में भारत सरकार के वित्त मंत्रालय ने विदेशों में भारतीयों से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग की जांच करने का जिम्मा उन्हें सौंपा था। इसमें कुछ बोफोर्स सौदे से संबंधित थे।

**दावे से जुड़े सबूत कहां हैं ?**


CBI ने 8 साल पहले ही हर्शमैन के उन दावों से जुड़ी जानकारी इकट्ठा करना शुरू कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत सरकार ने उन्हें जांच करने की जिम्मेदारी दी है। हर्शमैन की नियुक्ति से जुड़े दस्तावेज या उनकी तरफ से सबमिट की गई किसी रिपोर्ट की डिटेल जब वित्त मंत्रालय से मांगी गई तो जांच एजेंसी को रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराए गए।

**8 साल तक CBI ने क्या किया ?**

पिछले कई सालों से जांच कर रही CBI ने इंटरपोल से भी संपर्क किया। कई बार अनुरोध किया गया, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। 8 नवंबर, 2023, 21 दिसंबर, 2023, 13 मई, 2024 और 14 अगस्त, 2024 को अमेरिकी अधिकारियों को लेटर भेजा, जानकारी नहीं मिली।

# कन्नड़ एक्ट्रेस एयरपोर्ट पर 15 किलो सोने के साथ गिरफ्तार

### कर्नाटक डीजीपी की सौतेली बेटी हैं; दुबई से लौटी, सोने की तस्करी का शक



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव को 3 मार्च की देर शाम डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (DRI) ने 14.8 किलो सोने के साथ गिरफ्तार किया। इसकी जानकारी बुधवार (5 मार्च) को सामने आई है। रान्या कर्नाटक पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (DGP) रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं। उन्होंने कन्नड़ फिल्मों माणिक्य और पाटकी में काम किया है। कोर्ट ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### वह पिछले 15 दिनों में 4 बार दुबई जा चुकी थीं

डीआरआई अधिकारियों के मुताबिक, रान्या राव दुबई से एमिरेट्स फ्लाइट के जरिए भारत लौटी थीं। सुरक्षा एजेंसियां पहले से ही उनकी एक्टिविटी पर नजर रख रही थीं, क्योंकि वह पिछले 15 दिनों में 4 बार दुबई जा चुकी थीं। रान्या के अपने कपड़ों में सोना छिपाए हुई थीं। जिसकी कीमत 12.56 करोड़ रुपए है। इसके अलावा पुलिस ने उसके घर पर भी रेड की। वहां से 2 करोड़ कीमत का सोना और 2 करोड़ रुपए कैश बरामद हुआ। DRI की दिल्ली टीम को पहले से ही रान्या के सोने की तस्करी में शामिल होने की जानकारी थी। इसलिए 3 मार्च को उनकी फ्लाइट के लैंड करने से दो घंटे पहले ही अधिकारी एयरपोर्ट पर पहुंच गए थे। रान्या कर्नाटक पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (DGP) रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं। जानकारी के मुताबिक रान्या राव ने एयरपोर्ट पर उतरते ही खुद को कर्नाटक के DGP की बेटी बताया। साथ ही लोकल पुलिस से कॉन्टैक्ट कर एयरपोर्ट से निकालने की कोशिश की, लेकिन DRI की टीम उन्हें बेंगलुरु के DRI हेडक्वार्टर में पूछताछ के लिए ले गई।

# सस्ती जेनेरिक पशु दवाओं की आपूर्ति को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम (HLDC) में संशोधन को मंजूरी देते हुए किसानों को सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली जेनरिक पशु चिकित्सा दवाओं के वितरण का फैसला किया है। इस योजना के तहत पशुओं में बीमारियों की रोकथाम और पशुपालन को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 3,880 करोड़ रुपये के बजट वाले HLDC कार्यक्रम में बदलाव किए गए हैं। 'पशु औषधि' नामक नया घटक जोड़ा गया है, जिसके तहत सस्ती और अच्छी गुणवत्ता वाली जेनरिक पशु चिकित्सा दवाएं किसानों को उपलब्ध कराई जाएंगी। पारंपरिक पशु चिकित्सा ज्ञान को पुनर्जीवित करने और दस्तावेजीकरण करने का भी प्रावधान किया गया है।

### कहां मिलेंगी ये दवाएं?



सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी कि ये दवाएं पीएम किसान समृद्धि केंद्रों और सहकारी समितियों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी। यह प्रणाली जन औषधि योजना की तरह होगी, जिससे किसानों को कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण पशु चिकित्सा दवाएं मिलेंगी।

# पंजाब सरकार ने नहीं लागू की 1996 की पेंशन योजना

### सुप्रीम कोर्ट का मुख्य सचिव को अवमानना नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पंजाब के मुख्य सचिव को अवमानना नोटिस जारी किया। यह नोटिस उन्हें राज्य की तीन दशक पुरानी पेंशन योजना को लागू न करने को लेकर भेजा गया। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस एन. कोटिस्वर सिंह की बेंच ने कहा कि कोर्ट को हल्के में न लिया जाए। बेंच ने मुख्य सचिव से पूछा कि उनके खिलाफ अवमानना की प्रक्रिया क्यों शुरू न की जाए। बेंच ने आगे कहा कि अगर अधिकारी को लगता है कि किसी अन्य अधिकारी की गलती है, तो वह अदालत में कार्रवाई शुरू करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के नाम या अन्य विवरण देने के लिए एक हलफनामा दाखिल करने के लिए स्वतंत्र है। इस मामले पर 24 मार्च को दोबारा सुनवाई होगी।

### उप निदेशक को भी नोटिस



बेंच ने पंजाब के सार्वजनिक निर्देश (कॉलेज) निदेशक के कार्यालय के उप निदेशक को भी नोटिस जारी किया और उनसे जवाब मांगा कि गलत हलफनामा दाखिल करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं शुरू की जानी चाहिए। सुनवाई के दौरान पंजाब के वकील गुरमिंदर सिंह ने बेंच को अगली तारीख पर योजना के क्रियान्वयन पर कुछ सकारात्मक जानकारी लेकर लौटने का आश्वासन दिया। कोर्ट अवमानना की कार्रवाई की चेतावनी देते हुए मुख्य सचिव से स्पष्ट शब्दों में जवाब देने को कहा कि क्या राज्य इस योजना के तहत लाभ देने की इच्छुक है।

# वायुसेना से 444 एकड़ वन भूमि वापस लेगी कर्नाटक सरकार

### वन मंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

एजेंसी । बेंगलुरू

कर्नाटक के वन मंत्री ईश्वर खंड्रे ने बुधवार को अधिकारियों को भारतीय वायुसेना से अपनी 444.12 एकड़ वन भूमि वापस लेने की प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है। वन मंत्री ने निर्देश दिया कि वे नियमों के अनुसार बंगलूरू के पीन्या बागान और जराकाबांदे आरक्षित वन क्षेत्र में भारतीय वायुसेना के पास मौजूद 444.12 एकड़ वन भूमि वापस लें। उन्होंने बताया कि साल 1987 में वायुसेना को 570 एकड़ जमीन आवंटित की थी।

### साल 2017 में कर्नाटक सरकार ने रद्द की मंजूरी



साल 2017 में कर्नाटक सरकार ने वायुसेना की दी जमीन में से 452 एकड़ जमीन की मंजूरी रद्द कर दी थी और इस भूमि को वन भूमि के रूप में अधिसूचित कर दिया गया था। मंत्री ईश्वर खंड्रे ने आरोप लगाया कि वायुसेना ने वन मंजूरी के बिना ही 1 मार्च को अवैध रूप से निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। सरकारी आदेश के मुताबिक साल 2017 में वायुसेना की दी जमीन की दाखिल खारिज पूरी हो गई है और अब यह जमीन दस्तावेजों में आधिकारिक तौर पर आरक्षित वन के रूप में पंजीकृत है। इस संबंध में कर्नाटक सरकार ने रक्षा मंत्रालय को भी पत्र लिखा है और वन विभाग की भूमि को खाली करने की मांग की है। मंत्री ईश्वर खंड्रे ने बताया कि वायुसेना को पूरी जानकारी होने के बावजूद वायुसेना ने नियमों के विपरीत अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया।

# पाकिस्तान की जेल में बंद हैं गुजरात के 144 मछुआरे

**गांधीनगर।** पाकिस्तान की जेल में बंद मछुआरों को लेकर गुजरात सरकार ने विधानसभा में बड़ी जानकारी दी। सरकार ने कहा कि गुजरात के 144 मछुआरे पाकिस्तान की जेल में बंद हैं। इसमें से 22 को बीते दो साल में पकड़ा गया है। कांग्रेस के विधायक दल के नेता अमित चावड़ा द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में राज्य के मत्स्य पालन मंत्री राघवजी पटेल ने विधानसभा में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कुल 144 मछुआरों में से 22 को बीते दो साल में पाकिस्तान ने पकड़ा है। इसमें 2023 में नौ और 2023 में 13 मछुआरे पकड़े गए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने पिछले दो साल में 432 भारतीय मछुआरों को रिहा भी किया है। जनवरी 2025 तक 144 मछुआरे पाकिस्तान कर हिरासत में हैं। कांग्रेस विधायक शैलेश परमार के सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि दिसंबर 2024 तक भारत की 1173 मछली पकड़ने वाली नावें पाकिस्तान के कब्जे में हैं। पिछले दो साल में एक भी नाव वापस नहीं लौटाई गई है।

# अब परिसीमन पर सियासत शुरू

### तमिलनाडु सीएम स्टालिन ने जुटाए 35 दल

### पीएम मोदी को दिया अटल वाला फॉर्मूला

**चेन्नई।** तमिलनाडु CM एमके स्टालिन के नेतृत्व में बुधवार को जनगणना आधारित परिसीमन और ट्राई लैंग्वेज वॉर पर सर्वदलीय बैठक हुई। स्टालिन ने परिसीमन के मुद्दे पर दक्षिण भारतीय राज्यों के राजनीतिक पार्टियों को मिलाकर एक जॉइंट एक्शन कमेटी बनाने का प्रस्ताव रखा। स्टालिन ने कहा कि अगर संसद में सीटें बढ़ती हैं तो 1971 की जनगणना को आधार बनाया जाए। उन्होंने यह भी मांग करते हुए कहा कि 2026 के बाद अगले 30 साल तक लोकसभा सीटों के बाउंड्री करते समय 1971 की जनगणना को ही मानक माना जाए। ट्राई लैंग्वेज को लेकर केंद्र पर हमला करते हुए स्टालिन ने कहा कि अगर भाजपा का यह दावा सच है कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री को तमिल से बहुत प्यार है, तो यह कभी भी काम में क्यों नहीं दिखता? इस बैठक में AIADMK, कांग्रेस, वाम दल (लेफ्ट पार्टी) और एक्टर विजय की पार्टी TVK समेत कई दलों ने हिस्सा लिया। वहीं, भाजपा, NTK और पूर्व केंद्रीय मंत्री जीके वासन की तमिल माणिला कांग्रेस (मूप्पनार) ने बैठक का बहिष्कार किया।



### डीबीडी एक्सप्लेनर

**परिसीमन क्या है?**

परिसीमन यानी लोकसभा और विधानसभा सीट की सीमा तय करने की प्रक्रिया। परिसीमन के लिए आयोग बनता है। पहले भी 1952, 1963, 1973 और 2002 में आयोग गठित हो चुके हैं। लोकसभा सीटों को लेकर परिसीमन प्रक्रिया की शुरुआत 2026 से होगी। ऐसे में 2029 के लोकसभा चुनाव में लगभग 78 सीटों के इजाफे की संभावना है। दक्षिण राज्यों ने जनसंख्या आधारित परिसीमन का विरोध किया है। इसलिए सरकार समानुपातिक परिसीमन की तरफ बढ़ेगी, जिसमें जनसंख्या संतुलन बनाए रखने का फ्रेमवर्क तैयार हो रहा है।

**परिसीमन का फ्रेमवर्क क्या होगा?**

परिसीमन आयोग से पहले सरकार ने फ्रेमवर्क पर काम शुरू कर दिया है। प्रतिनिधित्व को लेकर मौजूदा व्यवस्था से छेड़छाड़ नहीं होगी, बल्कि जनसांख्यिकी संतुलन को ध्यान में रखकर एक ब्रॉडर फ्रेमवर्क पर विचार जा रहा है।

**सीटों में क्या बदलाव होगा ?**

तमिलनाडु-पुडुचेरी में लोकसभा की 40 सीट है। उत्तर प्रदेश में वर्तमान की 80 सीटों से 14 सीट बढ़ती हैं तो इसकी आधी यानी 7 सीट तमिलनाडु-पुडुचेरी में बढ़ाना समानुपातिक प्रतिनिधित्व है। अर्थात सीट बढ़ाने के लिए जनसंख्या ही एक मात्र विकल्प नहीं है। आबादी के आधार पर जितनी सीटें हिंदी पट्टी में बढ़ेंगी उसी अनुपात में जनसंख्या नियंत्रण करने वाले राज्यों में भी सीटें बढ़ेंगी। किसी लोकसभा में 20 लाख की आबादी पर एक सांसद होगा तो दूसरी जगह 10-12 लाख की आबादी पर एक सांसद होगा।

**अल्पसंख्यक बहुल सीटों का क्या होगा?**

देश के 85 लोकसभा सीटों में अल्पसंख्यकों की आबादी 20% से 97%तक है। सूत्रों के अनुसार इन सीटों पर जनसांख्यिकी संतुलन कायम रखने के लिए परिसीमन के तहत लोकसभा क्षेत्रों को नए सिरे से ड्रा किया जा सकता है।

**महिला आरक्षण के बाद क्या होगा?**

1977 से लोकसभा सीटों की संख्या को फ्रीज रखा गया है, लेकिन अब महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने के बाद इसे डिफ्रीज करना लाजमी है। जनसंख्या वृद्धि दर में प्रभावी नियंत्रण करने वाले राज्यों ने चेतावनी दी है कि इस आधार पर उनकी सीटों में कमी का विरोध होगा।

डीआरडीओ को बड़ी सफलता

# तेजस लड़ाकू विमानों के पायलटों के लिए लाइफ सपोर्ट सिस्टम का सफल परीक्षण

एजेंसी । बेंगलुरू

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। दरअसल डीआरडीओ ने तेजस लड़ाकू विमान में उड़ान के दौरान पायलटों के लिए इंटीग्रेटेड लाइफ सपोर्ट सिस्टम का सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर बताया कि लाइफ सपोर्ट सिस्टम को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह युद्ध के दौरान पायलट्स को बेहतर तरीके से सांस लेने में मदद करेगा। इसकी मदद से पारंपरिक सिलेंडर आधारित ऑक्सीजन पर निर्भरता खत्म हो जाएगी। मंगलवार को इस लाइफ सपोर्ट सिस्टम का सफल परीक्षण किया गया।



### मिग-29 जैसे लड़ाकू विमानों में भी इस्तेमाल किया जा सकेगा

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उचित संशोधनों के साथ, इस लाइफ सपोर्ट सिस्टम को मिग-29के और अन्य लड़ाकू विमानों में भी इस्तेमाल किया जा सकेगा। डीआरडीओ की बंगलूरू स्थित प्रयोगशाला, रक्षा जैव-इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रो मेडिकल प्रयोगशाला ने मिलकर 4 मार्च को एलसीए तेजस विमान के लिए स्वदेशी ऑन-बोर्ड ऑक्सीजन जनरेटिंग सिस्टम (ओबीओजीएस) तकनीक पर आधारित एकीकृत जीवन रक्षक प्रणाली (आईएलएसएस) का ऊंचाई में सफलतापूर्वक परीक्षण किया।

### आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अहम कदम

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के एलसीए-प्रोटोटाइप वाहन-3 विमान पर आईएलएसएस का परीक्षण किया गया। परीक्षण के वक्त विमान समुद्र तल से 50,000 फीट की ऊंचाई पर उड़ान भर रहा था। मंत्रालय ने कहा कि सिस्टम ने सभी तय मापदंडों को सफलतापूर्वक पूरा किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी सफल परीक्षण पर डीआरडीओ, भारतीय वायु सेना, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और भागीदारी उद्योगों को उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी। राजनाथ सिंह ने जोर देकर कहा कि यह विकास रक्षा प्रौद्योगिकियों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है और 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण के अनुरूप है। आईएलएसएस में 90 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री है, जो एयरोस्पेस प्रौद्योगिकी में भारत की आत्मनिर्भरता को और आगे बढ़ाती है।